हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 8 जून 2025



# लूट की नीयत से की गई थी मजदूर की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पैसे की लूट करने की नीयत से आरोपियों ने मिलकर मजदूर की हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच पड़ताल करते आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से लूट की रकम भी बरामद की गई है।

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेडेसरा स्थित पीएस स्टील कंपनी में हेल्परी का काम करने वाला धर्मेन्दर 37 वर्ष निवासी उप्र, जो लेबर क्वाटर नंबर 5 में रहता था। 4 जून को उसके घर में ताला लगा था। कमरे से दुर्गंध आ रही थी, जिस पर अप्रिय घटना होने की आशंका हुई, तब प्रार्थी राममुहरत सिंह ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त कमरे का ताला तोड़कर दरवाजा खोले तो कमरे के अंदर धर्मेन्दर मृत अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वाड एवं फोटोग्राफर को घटनास्थल पर बुलवाकर घटनास्थल का बारिकी से जांच कर शव को पीएम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने एवं मृतक के साथ काम करने वाले मजदूर व ठेकेदार राममुहरत सिंह के कथन से मृतक की हत्या आरोपी प्रियांशु थापा, धर्मेन्द्र सुंदरे, हीरामन यादव द्वारा करना पाए जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पचास हजार लूटकर घर में लगाया ताला

पुलिस के अनुसार पुलिस ने आरोपी प्रियांशु थापा को पकड़कर पूछताछ किया, तब उसने बताया कि 31 मई को तीनों कंपनी में काम पर नहीं गए। सुबह 9 बजे से तीनों हिरामन के बाइक से धर्मेन्द्र सुंदरे के पैर में आई चोंट का इलाज कराने के लिए मनकी गए थे। तीनों रात टेडेसरा पहुंचकर शराब भट्ठी से शराब लेकर शराब पीते समय धर्मेन्दर सिंह के पास रखे रुपए को लूटने की योजना बनाकर योजना के तहत धर्मेन्दर के कमरे में पहुंचे और पैसा लूटने की कोशिश में झगड़ा-विवाद होने पर आरोपी हिरामन यादव धर्मेन्दर के पैर को, आरोपी धर्मेन्द्र सुंदरे सिर को एवं प्रियांशु गले को पकड़कर उसे जमीन पर गिराकर गला दबाकर व अपने पास रखे चाकू से गले में वार किया। जिससे धर्मेन्दर की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद तीनों आरोपी मृतक के जींस पैट में रखे 50,000 रुपए को लूटकर रकम को आपस में बांटने की सहमति होकर आरोपी प्रियांशु ने मृतक के कमरे के दरवाजा को बाहर से ताला बंद कर वहां से भाग गए।

## आरोपियों से लूट की रकम भी की गई जब्त




### चाकू, बाइक, खून लगा कपड़ा बरामद

मामले की विवेचना में आरोपी प्रियांशु से लूट की रकम 18000 रुपए, घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, खून लगा पहने हुए कपड़े को बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रियांशु ने बताया कि लूट की रकम में से एक अन्य आरोपी हिरामन यादव को 8000 रुपए एवं धर्मेन्द्र सुंदरे को 5000 रुपए देना बताया। शेष रकम को खर्च कर देना बताया। आरोपी हिरामन यादव से लूट की रकम 2000 रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने उक्त मामले का खुलासा करते पत्रकारवार्ता में बताया कि आरोपी प्रियांशु थापा सोमनी, धर्मेन्द्र सुंदरे सांकरा बालोद, हिरामन यादव पचपेडी थाना सोमनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना रोकने फ्लाई ओवर डिवाईडर पर लग रही एंटी-ग्लेयर पैनल



**राजनांदगांव।** शहर के फ्लाई ओवर पर दुर्घटनाओं को रोकने एंटी-ग्लेयर पैनल लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने फ्लाई ओवर के ढलान पर सामने से आ रही वाहनों की हेड लाईट की सीधे रौशनी पड़ने और डिवाइडर ऊंचे नहीं होने के चलते दुर्घटनाओं की काफी संभावना बनी हुई थी, जिसे देखते हुए फ्लाई ओवर के ढलान पर विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों की रौशनों फैलने के लिए एंटी ग्लेयर पैनल लगाए जा रहे हैं। वहीं इस पैनल पर रेडियम पट्टी भी लगाई गई है। इस पैनल से अब रात्रिकालीन समय में वाहन चालकों की आंखों में सामने से आ रहे वाहनों की तेज रोशनी खत्म होगी। एंटी-ग्लेयर पैनल आमतौर पर एक खास सामग्री से बने होते हैं, जो तेज रोशनी को समाहित कर लेता है, लेकिन फ्लाई ओवर पर लगाए जा रहे पैनल की गुणवत्ता बेहतर दिखाई नहीं दे रही है।

**0 रफ्तार से बढ़ी दुर्घटना**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फ्लाई ओवर में वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहती है। पिछले कुछ महीनो में खासकर शहर के रामदरबार के समीप दुर्घटनाएं बढ़ी है। वहीं फ्लाई ओवर के ऊपर भी दुर्घटनाएं हो रही है। अब इस बीच एनएचआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत डिवाईडर पर पैनल लगाए जा रहे हैं।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 19 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से 19 पौवा अंग्रेजी व्हीस्की जम्मू शराब बरामद कर कार्रवाई की है। चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 5 जून को पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से पंजाब केसरी ढाबा महाराजपुर में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी सावंत बागमारे 34 वर्ष निवासी भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ को अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से एक हरा रंग के थैला में रखे 19 पौवा अंग्रेजी व्हीस्की जम्मू शराब कीमती 2280 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए कुल जुमला 2580 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

## माय एंगल




## यातायात की स्थिति सुधारने की कवायद, दो घंटे तक चली मैराथन बैठक

# फुटपाथ पर नहीं चलेगी दुकानदारी, सुबह दस से रात ग्यारह बजे तक भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में यातायात की स्थिति सुधारने, बढ़ते सड़क हादसों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग ने एक नया एक्शन प्लान तैयार किया है। प्लान के तहत अब शहर के भीतर अतिक्रमण वाले इलाकों में एक्शन लेने की तैयारी कर ली गई है। इसके अलावा पार्किंग की समस्या से निजात पाने के लिए भी नए पार्किंग स्थल बनाने की योजना तैयार की जा रही है।

शहर के मुख्य इलाकों में चार पहिये वाहनों की एंट्री पर भी बैन लगाने की दिशा में काम किया जाएगा, जिन स्पॉट पर अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं, वहां फोकस कर हादसे रोकने के प्रयास होंगे।

शनिवार की दोपहर कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित की गई इस महत्वपूर्ण बैठक में महापौर मधुसूदन यादव, जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, एसपी मोहित गर्ग, ननि आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के साथ ही चेंबर ऑफ कामर्स, समाजसेवी संस्थाओं के साथ ही सदस्य शामिल रहे। बैठक में पुलिस विभाग ने व्यवस्था सुधारने को लेकर उनके द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान की पूरी डिटेल बताई। इस बैठक में शामिल लोगों से भी सुझाव लिए गए। अधिक फोकस सड़क हादसों में कमी लाने के साथ ही शहर के भीतरी इलाकों में लगने वाले जाम से निजात पाने को लेकर रही।




**सुबह 10 से रात 11 तक शहर में प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन :** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि भारी एवं हल्के वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिखली अंडरब्रिज का निर्माण हो जाने से ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। शहर में विगत 3-4 वर्षों में दुपहिया, ई-रिक्शा, ऑटो एवं चारपहिया वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन शहर की बसाहटें पुरानी स्थिति में ही है, रोड की चौड़ीकरण कम है। वाहनों के बढ़ते दबाव के एवज में पर्याप्त पार्किंग स्थान नहीं है, जिस कारण शहर में जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### पार्किंग के लिए भी जगह चयनित

यातायात बिगड़ने के पीछे दूसरा महत्वपूर्ण कारण पार्किंग स्थल की कमी होना है। शहर के भीतर अधिकांश दुकानदारों ने नियम विरुद्ध अपनी दुकानों का निर्माण कराया है। अधिकांश ने पार्किंग की जगह नहीं छोड़ी है। चिंताजनक बात यह है कि जिम्मेदार विभाग नगर निगम भी इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता आया है। ऐसे में अब इस प्लान के तहत नए पार्किंग स्थल बनाने की योजना भी तैयार की गई है। जिसमें प्लाई ओवर के नीचे, बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी के पास, फौव्वारा चौक के पास स्थित पुत्री शाला और गुड़ाखू लाइन स्थित शासकीय औषधालय को पार्किंग स्थल बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।

### बिजली पोल-ट्रांसफार्मर भी बन रहे वजह

बिजली पोल और ट्रांसफार्मर की वजह से भी कई रास्तों में आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे स्थानों की भी सूची पुलिस विभाग ने तैयार की है। इनमें सुरजन गली, कामठी लाइन, कुआं चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रेलिस होटल के पास, भगत सिंह चौक, गौशाला मार्केट के पास, पुराना बस स्टैंड रोड, सदर लाइन और पोस्ट ऑफिस चौक का स्पॉट शमिल है। इनमें कई स्पॉट में बिजली पोल और कहीं ट्रांसफार्मर की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है। ऐसे में कुछ को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने से समस्या दूर हो पाएगी।

### इन इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ होगी कार्रवाई

पुलिस महकमे ने सर्वे कर शहर में अतिक्रमण वाले इलाकों का भी चिन्हांकन किया है। इन अतिक्रमणयुक्त इलाकों में अब ननि की टीम के साथ ठोस कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। अतिक्रमण वाले स्थान में महावीर चौक से स्टेट स्कूल तक, महावीर चौक से जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन, कामठी लाइन, मानव मंदिर से गुरुद्वारा तक, नया बस स्टैंड तक, मनोकामना भवन से पुलिस लाइन तक का इलाका शामिल है। इन इलाकों में अवैध दुकान लगने के साथ ही दुकान के बाहर बेतरतीब पार्किंग की वजह से यातायात की समस्या हो रही है।

# पारा पहुंचा 40 के करीब, गर्म हवाओं से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने पिछले कुछ दिनों से फिर करवट बदल ली है। प्री मानसून बारिश से ठंडे हुए वातावरण में एक बार फिर गर्मी आ गई है। तापमान 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं की वजह से लोग हलाकान हैं।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 59 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर में स्थित है । एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । एक द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । प्रदेश में कल 8 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के पैटर्न में बदलाव होता है। इसके कारण अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर है। अगले 3 से 4 दिनों में स्थिति यही बने रहने की संभावना है] तब तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है।

# ब्लॉक अध्यक्ष की बहाली पर कांग्रेस नेता मौन, काम नहीं आ रही गुहार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को छह साल के लिए निष्कासित करने का मामला पार्टीजनों की गुहार के बाद भी सुलझता दिखाई नहीं दे रहा है। जिला पंचायत चुनाव और उसके बाद घटनाक्रम के बाद उपजे हालात को देखते हुए पार्टी के आला नेता अब किसी प्रकार के समझौते या माफी देने के मूड में नहीं हैं। शुक्रवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से मुलाकात कर श्री साहू के बचाव में अपना पक्ष रखा, किन्तु नेताओं ने किसी प्रकार का सकारात्मक संकेत नहीं दिया।

उल्लेखनीय है कि हाल में डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अपनी सीमारेखा को लांघते हुए जिला पंचायत के दो सदस्य महेन्द्र यादव और विभा साहू को छह साल के लिए निष्कासित करने और जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते उन्हें किसी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करने का निर्णय लिया था। इस प्रस्ताव के सामने आने के बाद जिला से लेकर राजधानी तक बवाल मच गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश संगठन ने गत दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू को नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगा था।

### पहली बार गिरी गाज

जवाब के संतोषजनक नहीं होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश



पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने गत 5 जून को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के जारी होने बाद शुक्रवार को पांच से छह वाहनों में सवार होकर सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, बूथ प्रभारी आदि रायपुर पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से मुलाकात कर श्री साहू के बचाव में अपना पक्ष रखा। बताया जाता है कि नेताओं ने सबकी बातों को सुना, किन्तु श्री साहू को काफी देने पर कुछ नहीं कहा। श्री साहू की बहाली का स्पष्ट संकेत नहीं मिलने के बाद कांग्रेस का दल देर रात बैरंग लौट आया।

# जांच में निकला सरकारी चावल, डोंगरगढ़ की राइस मिल में भी हुई छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का चावल दिए जाने से राइस मिलर्स को जमकर फायदा पहुंच रहा है। हालात यह है कि राशन दुकानों से सरकारी चावल को सीधे मिलों में भेजा जा रहा है। डोंगरगढ़ में पिछले दिनों एक मालवाहक में जब्त किए गए चावल की जांच रिपोर्ट में यह साफ हो गया है कि जब्त किया गया चावल राशन दुकान का है। जांच में यह भी बयान दर्ज कर लिया गया है कि आखिर यह किस राइस मिल में भेजा जा रहा है। इधर प्रशासन द्वारा दो दिन पहले डोंगरगढ़ के एक राइस मिल में छापामार कार्रवाई भी की गई है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ में पिछले दिनों एक मालवाहक में 50 कट्टा चावल को जब्त किया गया था। पुलिस विभाग की सूचना पर राजस्व और खाद्य महकमे ने जब्ती की कार्रवाई कर चावल के सैम्पल को जांच के लिए भेजा था। सूत्रों ने बताया कि चावल के सैम्पल की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जिसमें यह साफ हो गया है कि यह राशन दुकान का ही चावल है। बयानी कार्रवाई में किस राशन दुकान से यह चावल निकला था और किस राइस मिल में इसे भेजा जा रहा है, यह भी साफ हो गया है। सूत्रों ने बताया कि इस पूरे मामले में अब राजनैतिक दबाव के चलते खाद्य महकमा कार्रवाई करने में कंपकपा रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते डोंगरगढ़ की एक राइस मिल में भी छापामार कार्रवाई की है। दो दिन पहले इस कार्रवाई में कहां मिला, इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। सूत्रों की माने तो राइस मिल में भी सरकारी चावल जब्त किया गया है। इस संबध में हरिभूमि ने एसडीएम से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार ही जानकारी दे पाएंगे। इधर खाद्य विभाग के अफसर रविन्द्र सोनी ने अपना मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### एफआईआर नहीं

जांच रिपोर्ट में चावल के राशन दुकान के होने की पुष्टि होने के बाद खाद्य विभाग ने आज पर्यन्त तक पुलिस में एफआईआर भी दर्ज नहीं कराया है। ऐसी चर्चा है कि भाजपा नेताओं ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए दबाव बनाया हुआ है।

### मिलों में डंप सरकारी चावल

डोंगरगढ़ सहित जिलेभर में राशन दुकानों के चावल को राइस मिलों में बेचने का व्यापक पैमाने पर कारोबार चल रहा है। राजनांदगांव शहर में भी एक सिडिकेट द्वारा सरकारी चावल की अफरा-तफरी की जा रही है।









## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर हैंडपंप क्षतिग्रस्त

**सोमनी।** सोमनी स्थित मुक्तिधाम के समीप स्थापित सार्वजनिक हैंडपंप को तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। यह हैंडपंप नागरिकों के पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे हैंडपंप से टकरा गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।



### ईद उल अजहा पर्व मना

**सड़क अतरिया।** खैरा नर्मदा एवं मानपुर में शनिवार को ईद उल अजहा सौहार्द के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुसलमानों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगा। नमाज़ के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दिया। वही मुंह मीठा कराने का सिलसिला शाम तक जारी रहा।

### अवेली घटना की निंदा

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अवेली में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे शख्स है जिनका सभी श्रद्धा के साथ सम्मान करते हैं। उनकी ख्याति विदेशों तक है। सर्वगुण सम्पन्न व्यक्तित्व की प्रतिमा के साथ ऐसा कृत्य करना क्षमायोग्य नहीं है। यह घटना विकृत मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने घटना की जांच कर कड़ी कारवाई की मांग की है।

### कृषि संकल्प अभियान में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत गहिराभेडी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 700 जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक किसानों को जैविक खेती, आधुनिक कृषि के बारे में जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान प्रगति, नवाचार और आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय की सरकार किसानों की ताकत को पहचान कर उनकी उन्नति और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर कुमार साय साहू, बेदबाई पोर्ते, ईश्वर साहु, गेपराम साहु, सोरसिंग, रविन्द्र जामुनिया, रामकुमार चंद्रवंशी, अश्विनी कोलियारी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी एसबी मसीहा, वैज्ञानिक आशीष गौरव शुक्ला, डा संगीता चन्द्राकार आदि उपस्थित थे।



### मंच का किया भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत आमगांव की प्राथमिक शाला प्रांगण में मंच निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा , सदस्य उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी मौजूद थे। भूमिपूजन गौरी गणेश की पूजा कर किया गया। इस अवसर पर शाला प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में राकेश वाल्दे, मायाराम पडोती, खेमलाल मंडावी, शिवकुमार लाऊत्रे, दिनेश मंडावी, रोहितलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### रानी होल्कर को किया याद



**लालबहादुर नगर।** मंडल भाजपा ने अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाया। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डरसेना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, सभापति प्रशांत कोडापे, सदस्य अनिता मंडावी शामिल हुई। सभी वक्ताओं ने रानी होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, रामाधीन देवांगन, भोजराज वर्मा, हनस पटेल, देवेंद्र नंदेश्वर, जगदीश देवांगन, वेनेन्द यदु, रामाधार ओझा, हेमलाल वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, वेदराम ताम्रकार, रामजी साहू, अवधराम साहू, लक्ष्मीनारायण, यशवंत साहू, नरेंद्र ओटी आदि उपस्थित थे।

### प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

**कलकसा।** गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा ने विभिन्न परीक्षा में उच्च अंक हासिल करने वाले बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलकसा में आयोजित कार्यक्रम की शुरूवात बूढ़ा देव की सेवा अर्जी से हुई। अतिथियों का पीला अच्छर से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मदन नेताम थे। अध्यक्षता नरोत्तम सिंह कुंजाम ने की। विशेष अतिथि रमेश उइके, मदन खुरश्याम, मयाराम मंडलोई, इसुलाल वट्टी, फिरतु पडोती, दानीराम मंडावी, भग्गु मंडावी, थनवार मंडावी, गुमान नेताम, टुमेश नेताम, सविता मंडावी थी। इस दौरान उतरा उईके, बरमत छेदैय्या, नीरा कोहकट्टा, मुन्नालाल उईके, कुंभलाल पदाम, रामगुलाल धुर्वे, गिरवर, चैतू मंडावी, राधेश्याम, चेमसिंह मरकाम, पंचम नेताम, ओमप्रकाश ठाकुर, विजय शोरी, मिलु उईके, लिखन कुंजाम,



### निधन

#### गणेश मुदलियार



**डोंगरगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित गणेश मुदलियार का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि कल 8 जून को सुबह 11 बजे के बाद छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

---

### त्रुटि सुधार के 25 मामलों का त्वरित निराकरण

# किसानों को हजारों का फायदा नि:शुल्क मिला जमीन का पर्चा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शत प्रतिशत आवेदनों को निराकृत करने के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग सवा तीन सौ अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे, जिसमे 78 का निराकरण हो सका।

स्थानीय तहसील कार्यालय में गुरूवार को आयोजित राजस्व शिविर में अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी शामिल हुए। कलेक्टर डॉ भूरे ने शिविर का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारी कर्मचारी को समय सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार राजस्व शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें नामांतरण के 47, बटवारा के 26, सीमांकन के 21, बटाकंन के 45, त्रुटि सुधार के 48 , आय जाति निवास के 54, अतिक्रमण के 14 , पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर 78 आवेदन पर त्वरित कार्यवाही कर निराकृत किया गया।



**किसानों को सीधा फायदा**

किसानों को जमीन खरीदने के बाद पटवारियों को चढोत्तरी देने और महीनों चक्कर काटने के बाद बेहद मुश्किल से किसान किताब मिलती है किन्तु शिविर में 15 किसानों को निः शुल्क किसान किताब का वितरण किया गया। हालांकि किसानो ने बताया कि प्रक्रिया पूरी करने और पटवारियों की मांग पूरी करने के बाद उन्हे किसान किताब नहीं मिल रही है। शिविर में इस आशय की शिकायत होने की संभावना को देखते हुए आनन फानन में किसान किताब बनाकर वितरित किया गया। शिविर में एसडीएम श्रीकांत कोराम, तसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार वसीम सिद्धिक, झरना राजपूत, जेपी खुटे, जनपद सीईओ रौशनी भगत, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, सदस्य जया साहू, रेशमी साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद प्रफुल्ल जैन राजा, पुरुषोत्तम साहू, मोहन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, सिद्धिक बड़गुजर सहित आसपास गांव के किसान शामिल हुए।

---

## शिकायत से घिरी पैलीमेटा सेवा सहकारी समिति



■ पूर्व जिपं सदस्य ने किया जांच और कार्रवाई की मांग

**गंडई पंडरिया।** सेवा सहकारी समिति पैलीमेटा गंभीर अनियमितता के चलते जांच के दायरे में आ गई है। जिला पंचायत की पूर्व सदस्य ममता पाल ने समिति के कर्मचारियों पर खा द - बी ज , खाद्यान्न, हिस्सा पूंजी और धान खरीदी में अनियमितता का आरोप लगाते उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधीश, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, संभागायुक्त सहकारी संस्थाएं दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव और उप आयुक्त सहकारी संस्थाएं, राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा है।

श्रीमती पाल ने खाद में अनियमितता, केसीसी लोन वितरण, हमालों के भुगतान, किसानों की शेयर पूंजी और धान खरीदी वर्ष 2024,25 में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने खाद्यान्न, धान, सोयाबीन, चना, गेहूं बीज, भूसा, सुतली, रस्सी सहित अन्य की खरीदी में भी गड़बड़ी की आशंका व्यक्त किया है। उन्होंने दावा किया है कि अधिकारी निष्पक्ष जांच करते हैं, तो बड़ा घोटाला उजागर होगा।

**पहले से विवादित**

उल्लेखनीय है कि पैलीमेटा सेवा सहकारी समिति पहले से विवादित है, जिससे अब लग रहे आरोपों को बल मिल रहा है। किसानों और ग्रामीणों में समिति के कामकाज को लेकर पहले से ही असंतोष व्याप्त है। वर्तमान मांग के बाद उम्मीद की जा रही है कि जांच होने पर अनियमितता का पर्दाफाश होगा और दोषी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

---

## हितग्राहियों के चयन में भेदभाव का आरोप

### अपात्रों को आवास योजना का लाभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी**

आवास योजना को लेकर ग्राम पंचायत सोमनी में 6 जून को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में उपस्थिति 250 से अधिक नहीं होने की वजह से ग्रामसभा स्थगित कर दिया गया।

दूसरे दिन पुनः ग्रामसभा की बैठक रखकर आवास योजना के लिए 297 उन हितग्राहियों का चयन किया गया जिन्होंने आनलाइन आवेदन किया था। जिन्होंने आनलाइन आवेदन नहीं किया था के आवेदन को स्वीकार नहीं किया गया जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना जांच के अपात्र हितग्राहियों को पात्र घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि जिन 297 हितग्राहियों का चयन किया गया उसमें से लगभग 80 प्रतिशत लोगों के पक्का मकान होने के बाद भी उन्हें पात्र कर दिया गया है। भूमि नहीं होने पर अलग भूमि देकर आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया है। ग्राम में कई ऐसे लोग भी है जिन्हे योजना का नही मिला है जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

## शहर-गांवों में बिक रही सरकारी दुकान की शराब

### शहर में बेरोकटोक चल रहा नशा का धंधा, जागी कार्रवाई की उम्मीद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

पुलिस ने हाल में कार्रवाई करते हुए घुघवा साल्हे के एक आरोपी के पास से सरकारी दुकान में बिकने वाली देसी शराब जब्त किया है। इससे पहले खुज्जी के दो आरोपियों से 20 और 25 पौवा शराब जप्त करने में कामयाबी हासिल किया था। अब गाँवों में कार्रवाई होने के बाद उम्मीद की जा रही है कि अब शहर में शराब के चल बड़े नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस शीघ्र कदम उठाएगी।

जानकारी के अनुसार शहर के कोई 10 वार्डों सहित खुज्जी, आरी, बीजाभाठा, कोनारी, उमरवाही और कई अन्य गाँवो में शराब का बड़ा कारोबार चल रहा है। कोनारी तुमडीबोड़ रोड पर तो हर ब्रांड की शराब बेचा जा रहा है। देखने में आ रहा है कि कोचियों के ठिकाने से जो शराब बरामद हो रही है वह सरकारी दुकान की होती है। जिसका मतलब साफ है कि कोचियों को सरकारी शराब दुकान डोंगरगांव और अर्जुनी के सेल्समेन 200 रुपए प्रति पेटी अतिरिक्त राशि लेकर बेचने मुहैया करा रहे है।

**गांव के कोचियों पर शिकंजा**

गांव में शराब की बिक्री रोकने पुलिस पूरी सक्रियता से कार्रवाई कर रही है जिसका जीवंत उदाहरण यह है कि हाल के दिनों में पुलिस ने घुघवा साल्हे के प्रीतम साहू से 20 पौवा शराब बरामद किया। इससे पहले खुज्जी के वेदकुमार सिन्हा पिता हरिराम सिन्हा से 20 और ईश्वर सिन्हा पिता नारायण लाल सिन्हा से 25 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया था। पुलिस शराब के कारोबार को रोकने लगातार कार्रवाई कर रही है किन्तु शहर में चल रहे नशा के कारोबार के खिलाफ अब तक अपेक्षित पहल नहीं हुई है। बताया जाता है कि इस कारोबार में राजनीति से जुड़े लोगों की संलिप्तता होने के कारण शहर में शराब और गांजा के धंधे पर अंकुश नहीं लग रहा है। हालत यहां तक आ गए है कि शहर के कई हिस्सों में शराब बेचा जा रहा है साथ ही दर्जनों लोग चलते फिरते शराब बेच रहे है। कुछ होटलों में तो पियक्कड़ों को सारी सुविधा मुहैया कराया जा रहा है।

**ओव्हर रेट की शिकायत**

कुछ गांव में एमपी और महाराष्ट्र की शराब बेचा जा रहा है। वही सरकारी दुकान में ओव्हर र रेट लेने की शिकायत भी यदाकदा आते रहती है।

**पनप रहा गंदा धंधा**

शहर में महानगरों की तर्ज पर सामाजिक रूप से बेहद गंदा माने जाने वाला धंधा भी तेजी से पैर पसार रहा है। शहर के आउटर क्षेत्र मे बकायदा एक निश्चित राशि लेकर अनैतिकता की सीमा लाँघने की सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। आऊटर क्षेत्र में आए दिन संदिग्ध हालत में लोगों को देखा जा सकता है। संदिग्ध और आवांछित गतिविधियों के लगातार जारी रहने के बाद पुलिस के खुफिया तंत्र को भनक नहीं लगना समझ से परे है।

हाल ही में आबकारी विभाग की टीम ने अर्जुनी शराब दुकान में ओव्हर रेट लेने का मामला पकड़ा था।

---

## धारदार हथियार से हमला, एक गंभीर

### पुलिस ने दर्ज किया जुर्म, आरोपी की तलाश जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**



क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब धुरेसा के पास 40 वर्षीय व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान तुलसी अग्रवाल के रूप में हुई है। वह डोंगरगढ़ के गोल बाजार का निवासी है।

घटना के बाद तुलसी अग्रवाल को गंभीर हालत में डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर ने अचानक तुलसी पर धारदार हथियार से वार कर मौके से फरार हो गया। हमले की वजह फिलहाल अज्ञात है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, लेकिन आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। घायल तुलसी अग्रवाल की हालत नाजुक बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों की टीम लगातार उपचार में जुटी है। स्थानीय नागरिकों ने हमले की निंदा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने आरोपी की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचित करने को कहा है।

## ईद उल अजहा पर अदा किया नमाज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

स्थानीय मुस्लिम समाज ने त्याग और बलिदान का प्रतीक ईद- उल-अजहा की नमाज पढ़कर अमन और भाई चारा दुआ मांगा। स्थानीय ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। ईदगाह में 8.30 बजे जामा मस्जिद के हाफिज मुफ्ति निजामुद्दीन ने नमाज अदा कराया।



---

## रेलवे कालोनी की डामर सड़क निर्माण में गड़बड़ी



■ रेलवे के अधिकारी कर रहे अनदेखी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

रेल्वे कालोनी के लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने रेल्वे प्रशासन करोडों की स्वीकृति दे रहा है किन्तु रेल्वे के अधिकारी मुख्यालय में बैठकर फाईलो में ही निर्माण कराकर ठेकेदार को लाभ पहुंचा रहे है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण रेल्वे क्वाटर मरम्मत के अभाव में जर्जर होते जा रहे है।

वर्तमान में कालोनी की खस्ताहाल सड़कों को सुधारा जा रहा है। कालोनीवासियों ने बताया कि पुरानी सडक की स्केलिंग तो दूर बिना सफाई के ही ठेकेदार ने पुरानी सडक पर रोलर चलाकर रातो रात सडक बना दिया है। कुछ स्थानों पर सकरी सड़क को 2 से 3 इंच तक बढ़ाया गया है किन्तु न तो मिट्टी की खुदाई की गई और न डब्ल्यूबीएम किया गया। मिट्टी पर डामर डाल कर सडक बना दिया गया है। कालोनी में सड़क निर्माण केवल ठेकेदार के कर्मचारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। मौके पर रेल्वे का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता।

क्षेत्रवासियों ने नियमतः निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि निर्माण में गड़बड़ी के कारण सड़क अधिकतम 6 माह में जर्जर हो जाती है।

**फिलिंग नहीं कराया**

सडक निर्माण के बाद पटरी की फिलिंग भी नहीं किया गया है। सडक के आजु बाजु डामर की मोटी परत जमीन से 3 से 4 इंच तक ऊंची हो गई है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यह मार्ग केन्द्रीय विद्यालय, फुटबाल ग्राउंड, इंडियन गैस एजेंसी, सेंट पीटर स्कूल, क्रास पहाडी, कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट को जोड़ता है।

**नियमतः निर्माण**

रेलवे के एडीईएन ऋषभ यादव ने बताया कि सड़क का निर्माण स्टीमेट के आधार पर किया जा रहा है। पटरी फिलिंग का प्रावधान नहीं है। पुरानी सड़क को ही नया बनाया जा रहा है।

---

### विश्व पर्यावरण दिवस पर संरक्षण का संकल्प

# महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**





नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वावधान और प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों को रोपण कर ट्री-गार्ड लगाया। प्राचार्य डॉ रेवती ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, जीके यादव, वेदप्रकाश साहू, नितेश तिरपुडे, ऋचा अग्रवाल, मनीषा भेडिया, मंजू धनकर, नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढे, प्रीति सहारे, अमन नामदेव, डाकेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

**कॉलेज में भी आयोजन**

**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन, द्वितीय कमान बिनोद कुमार के नेतृत्व तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए बलराज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत अधिकारियों, जवानों ने वाहिपर परिसर में नीम, आम, पीपल, अशोक, अर्जुन, तुलसी तथा गिलोय आदि का रोपण किया। इस अवसर पर विनोद कुमार ने कहा कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध केवल भौतिक नहीं बल्कि आत्मिक है। यदि हमें सतत विकास की दिशा में बढ़ना है तो पर्यावरण की रक्षा सबसे पहली शर्त है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने किया सघन सफाई

**कलकसा।** ग्राम पंचायत कलकसा में सामूहिक श्रमदान कर सफाई किया गया। ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए पंचायत परिसर, आंगनवाड़ी, बाजार चौक, सड़क किनारे, तालाब की सफाई किया। सफाई अभियान में सरपंच उमाबाई धुर्वे, उपसरपंच राज धृतलहरे, सचिव केदान सिन्हा, रोजगार सहायक नरोत्तम कुंजाम, पंच सरिता सहारे, ढेला बाई मंडावी, अशोकदास साहू, सुखचरण साहू, विनोद कुमार धुर्वे, स्वच्छता दीदी, सेवादास साहू, विजय कुमार, मुकेश कुमार, परमिलाबाई, दुरपतिबाई साहू, हिरोंदी यादव, गिरजाबाई साहू सहित अन्य शामिल हुए।



### गायत्री मंदिर में हुआ महायज्ञ

**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में मां भगवती गंगा, मां गायत्री के अवतरण दिवस एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इसके पूर्व प्रथम दिवस प्रातः 7 से सायंकाल 7 बजे तक अखंड जप किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के गायत्री साधक शामिल हुए। दूसरे दिन 9 बजे देव आह्वान, देव पूजन कर गंगा दशहरा के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अखंड ज्योति एवं वंदनीया माता जी के शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व की तैयारी पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए नियमित उपासना, साधना, स्वाध्याय, समयदान एवं अंशदान करते रहने कहा गया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश सिन्हा ने किया। समूह साधना एवं पौधरोपण किया गया। अंत में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी बाल कृष्णा सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।



### टीबी रोगियों के लिए आर्थिक सहायता मंजूर

**मोहला।** राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के 10 टीबी रोगियों के लिए सराहनीय पहल करते हुए स्वेच्छानुदान मद से 60 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। यह राशि रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के दिया गया है ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो सके। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी राज्यपाल ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 10-10 टीबी रोगियों के लिए सहायता राशि स्वीकृत किया था।

### प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**मोहला।** शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित है।

### सतगुरु कबीर का प्राकट्य दिवस 10 से

**डोंगरगढ़।** युवा मानिकपुरी कबीर गुरूद्वारा समिति, मानिकपुरी पनिका समाज एवं आमीनमाता महिला मंडल डोंगरगढ़ के तत्वावधान में छिरपानी तालाब के पास सद्गुरू कबीर साहेब का दो दिवसीय प्राक्टय दिवस का आयोजन रखा गया है। आगामी 10 जून को दोपहर 3 बजे निशान पूजा, शोभायात्रा निकाला जाएगा। शोभायात्रा शहर का भ्रमण करते हुए महावीर तालाब पहुंचेगी। शाम 5.30 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, कबीर साहेब के दोहा की प्रस्तुती, चित्रकला, रंगोली, वाद्ययंत्र की प्रस्तुती होगी। आमीन माता महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। इसी क्रम में 11 जून को महंत एवं संतों द्वारा चौका आरती किया जाएगा। ततपश्चात प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे करेंगे। विशेष अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, तरूण हत्थेल, उमा महेश वर्मा, जस्मीत सिंग बन्नोआना होंगे।

### मंडी की समस्या एवं विकास कार्यों का अवलोकन

**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह गुरुवार सुबह 7 बजे बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचकर सब्जी मंडी, थोक फल मंडी एवं अनाज मंडी तथा व्यापारियों एवं कृषकों से भेंट-मुलाकात की एवं मंडी में विस्तार किए जाने वाले विकास कार्यों को देखा। इस अवसर पर मंडी समिति से अधिकारीगण भी उपस्थित थे। अभिषेक सिंह ने संबंधित समस्याओं का संज्ञान लेते इसे जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया। मंडी में डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से करोड़ों रुपए की सौगात मिलने पर मंडी सचिव एवं अधिकारियों ने अभिषेक सिंह को विकास कार्यों के स्थल दिखाते भवन निर्माण के आगामी उद्देश्यों को भी बताया। अभिषेक ने मंडी की सभी समस्याओं को बारीकी से देखा और जल्द ठीक करने का आश्वासन भी दिया।

एकल शिक्षकीय विद्यालय में भी अब शिक्षक

# जिले में युक्तियुक्तकरण से सभी विद्यार्थियों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रभारी कलेक्टर भारती चंद्राकर ने शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बताया कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक हैं, जबकि ग्रामीण अंचल की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। शिक्षकों की कमी के चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। इस प्रक्रिया से जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय शिक्षक उपलब्ध होंगे। बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 13 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 203 शालाएं एकल शिक्षकीय है। जिले में पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक की संख्या निरंक है, और 2 शाला एकल शिक्षकीय है। जिले में प्राथमिक स्कूलों में 229 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 78 शिक्षकों की आवश्यकता है। जिले में प्राथमिक शालाओं में 101 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 27 शिक्षक अतिशेष है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी। व्यक्तियुक्तकरण कोई कटौती नहीं है, बल्कि गुणवत्ता शिक्षा और समानता की दिशा में बड़ा कदम है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रवाहित न हो।

## शिक्षकों की कमी से पढ़ाई हो रही थी प्रभावित




### कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं

उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कोई भी प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है जो पहले 13 शालाओं में थी। इस तरह से कोई भी माध्यमिक शाला एकल शिक्षक नहीं रहेगा। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में पहले 8 शाला में गणित एवं 3 स्कूलों में अंग्रेजी व्याख्याता शिक्षक नहीं थे। युक्तियुक्तकरण के बाद सभी शालाओं में शिक्षक की पूर्ति हो गई है।

### कम छात्र वाले दो स्कूल

उन्होंने बताया कि जिले में 2 प्राथमिक शाला में कम छात्र संख्या एवं 1 किलोमीटर से कम दूरी के दायरे में है। जिसे समिति ने दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण समायोजन नहीं करने का निर्णय लिया है। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना किया जा रहा है। युक्तिकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी।

### युक्तियुक्तकरण के बाद बदला दृश्य

हाईस्कूल मड़ियानवाडवी में उन्नयन के 6 साल बाद पहली बार गणित का व्याख्याता पदस्थ हुआ है। हाईस्कूल वासडी में लंबे समय से गणित, विज्ञान के व्याख्याता की कमी थी जिसकी पूर्ति युक्तियुक्तकरण के बाद हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों ब्लाकों में शिक्षकों की संख्या अनियमित थी, जो अब सामान हुई है। मानपुर ब्लॉक की माध्यमिक शाला हुरेली 2018 से एकल शिक्षकीय थी यहां अब प्रधान पाठक और 2 शिक्षक पदस्थ हैं। इस तरह प्राथमिक शाला कलवर मानपुर 2 सालों से शिक्षक विहीन था, यहां भी 2 शिक्षक युक्तियुक्तकरण के बाद पदस्थ हो गए हैं। इस दौरान एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया उपस्थित थे।

## युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विद्यार्थियों व पालकों में खुशी की लहर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से अब दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधा मिल रही है और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

ग्राम सिंघोरी के शासकीय हाई स्कूल में स्कूल प्रारंभ होने के बाद से केवल संस्कृत विषय के एकमात्र व्याख्याता पदस्थ थे, जिससे अन्य विषयों विशेषकर गणित जैसे जटिल विषय के लिए छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। परिणामस्वरूप इस वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम भी अपेक्षानुसार नहीं रहा। हालांकि हाल ही में हुए युक्तियुक्तकरण के तहत गणित विषय के व्याख्याता की पदस्थापना से गांव में हर्ष का माहौल है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामजी शर्मा, शाला स्टाफ और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि अब विद्यार्थियों को गणित की गूढ़ अवधारणाएं समझने में आसानी होगी और आगामी बोर्ड परीक्षाओं में निश्चित रूप से परिणामों में सुधार आएगा।

वहीं छुईखदान विकासखंड के ग्राम भूरभूसी स्थित शासकीय हाई स्कूल में भी अब तक सिर्फ एक ही व्याख्याता पदस्थ थे। अंग्रेजी जैसे अनिवार्य विषय का शिक्षक न होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। अब अंग्रेजी विषय के शिक्षक की पदस्थापना से विद्यार्थियों को राहत मिली है। पालकों ने बताया कि बच्चों को अब भाषा समझने, बोलने और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। विद्यालय प्राचार्यों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था संतुलित हो रही है और इससे ग्रामीण अंचलों के छात्र भी समान रूप से शैक्षणिक अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

## 12 तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**राजनांदगांव।** जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने एवं खेती को लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के किसानों से विकसित कृषि संकल्प अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाने और शासन की योजनाओं का लाभ लेते अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की अपील की है। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि एवं संबंधित समवर्गी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंच रही है, जहां वैज्ञानिकों एवं कृषि के जानकारों के तीन दल अलग-अलग विकासखंडों में किसानों के उन्नयन हेतु उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही अभियान के दौरान खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीक, प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों का जीवंत प्रदर्शन, बीज उपचार, धान की सीधी बुआई विधि, पशुपालन एवं उन्नत पशु नस्ल की जानकारी, कृषि ड्रोन तकनीक, मत्स्य पालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल में संतुलित पोषक तत्वों का उपयोग एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### विकास कार्यों के लिए लाखों की राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 93 लाख 42 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुन्दरा व पनेका में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 31.61-31.61 लाख रुपए तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बिल्हरी में दो सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60-2.60 लाख रुपए एवं ग्राम बिल्हरी, रामाटोला, मुसराकला, मोहारा अछोली में अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन पंजीयन को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बैठक में प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उपस्थित रहे

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई, जिसमें ज़िले के कुल 13 शासकीय संस्थानों के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के नवीन दिशा-निर्देशों (गाइडलाइन) की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

### समय सीमा का विशेष ध्यान

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नवीन गाइडलाइन के तहत पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरित सत्यापन और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा गया है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह ने सभी प्राचार्यों से कहा कि छात्रवृत्ति के लिए पात्र सभी विद्यार्थियों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें शैक्षणिक सत्र में किसी प्रकार की आर्थिक बाधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित समस्त शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, आईटीआई पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते है। जिसके लिए तिथि 31 अगस्त और 30 नवम्बर को नवीनीकरण और 31 अगस्त, 31 सितम्बर तथा 30 नवम्बर को नवीन आवेदन के लिए तिथि निर्धारित की गई है।

## कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी अतिशीघ्र पर्यटन मंडल में होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में एक जून को वृहद स्तर पर सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं भजन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छग राज्य पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, डोंगरगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, भाजपा नेता दीपक चौहान समेत भोजराम पडौटी, नरबद वर्मा शामिल थे।




समारोह में पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपने संबोधन में विशेष रूप से धार्मिक क्षेत्र एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी को पर्यटन स्थल के रूप में शामिल करने संबंधित विभागीय अधिकारियों से परीक्षण कराकर अतिशीघ्र पर्यटन मंडल में शामिल करने का आश्वासन दिया। साथ ही दूरदर्शन एवं रेडियो कलाकार सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं साथी द्वारा मनमोहक भजनामृत रसपान कराया। कार्यक्रम में विशेष रूप सहयोग करने वाले नरबद वर्मा, वीपी वर्मा, हेमंत साहू, मंथीर गुरुजी, सुजाता साहू, तुलसीराम साहू, गंगाप्रसाद डड़सेना जैसे अन्य लोगों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश साहू ने दी है।

## प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**राजनांदगांव।** सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में 3 एवं 4 जून को राष्ट्रीय स्तर के दो दिवसीय ऑफलाइन सीआरई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय संस्थान एनआईईपीआईडी हैदराबाद द्वारा समग्र शिक्षा रायपुर के सहयोग से किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए ब्लॉक रिसोर्स पर्सन एवं विशेष शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के लिए आरसीआई पोर्टल पर 300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से पहले दिन कुल 253 प्रतिभागी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छों से किया गया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव समेत स्मिता माहोबिया, सीमा गौरा, डॉ. कूना ललिता, श्यामा तिवारी, करण सिंह सिसोदिया, सतीश व्योहरे, आदर्श वासनिक शामिल थे।

जिला निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# निषाद समाज मेहनतकश लोगों का समाज : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह खैरागढ़ के अमलीडीह वार्ड में सम्पन्न हुआ। जहां पूर्व मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने की। श्री बघेल ने भगवान श्रीराम व केंवट समाज के आराध्य निषादराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निषाद समाज मेहनतकश लोगों का समाज है जो आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो या फिर राजनीति। भूपेश बघेल ने कहा हर युग में निषाद समाज का अस्तित्व रहा है। समाज की सत्यवती से ही महाभारत में कौरव पांडव का वंश आगे बढ़ा, आज कलयुग में भी बड़े-बड़े शहर बसाने का काम निषाद समाज के लोगों का है। कलकत्ता में काली मंदिर भी निषाद समाज ने बनाया, बिलासपुर शहर को बसाने का कार्य भी निषाद समाज की बिलासा निषाद ने किया। इसी कारण हमारी सरकार ने बिलासपुर हवाई अड्डे का नाम बिलासा निषाद के नाम पर रखा है। जब भी इतिहास लिखा जाएगा तो निषाद समाज का नाम मुख्य रूप से लिखा जाएगा क्योंकि हर युग में निषाद समाज की महिमा रही है।



### प्रदेश अध्यक्ष व विधायक ने दिलाई शपथ

मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि नवनिर्वाचित जिला संगठन के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष फत्ते लाल निषाद, उपाध्यक्ष गैंदलाल निषाद अकरजन, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा निषाद छुईखदान, महासचिव खेमलाल निषाद खपरी सिरदार, कोषाध्यक्ष संत निषाद खैरागढ़, सचिव (पुरुष-महिला) शत्रुहन निषाद झूरानदी व श्रीमती बबीता निषाद अमलीडीह, अंकेक्षक नूतन निषाद अमलीडीह खुर्द, संगठन सचिव रामअवतार निषाद कटंगीकला, उपसंगठन सचिव रमेश निषाद खैरी व लोमेश कुमार निषाद धनगांव, कार्यालय सचिव चरनराम निषाद अमलीडीह, प्रचार सचिव बीरेन्द्र निषाद चंदैनी को छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शपथ दिलाई। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के संविधान के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए। विधायक यशोदा वर्मा ने निषाद समाज के भवन के लिए की 10 लाख रु की घोषणा इस दौरान मंच में मौजूद खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने निषाद समाज के भवन के लिये 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### रानी विभा ने की निषाद समाज के लिए जमीन दान करने की घोषणा

निषाद समाज के समारोह में राजा स्व. देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने भी शिरकत की इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि राजा स्व. देवव्रत सिंह की इच्छा थी कि वे निषाद समाज के लिए कुछ करें और उसी को ध्यान में रखते हुए रानी विभा सिंह ने निषाद समाज का भवन बनाने के लिए अपनी जमीन दान करने की घोषणा मंच से की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निषाद समाज के सामूहिक कन्या विवाह में भी वे सहयोग करना चाहती हैं। कार्यक्रम में निषाद समाज के युवा पदाधिकारी जिला कोषाध्यक्ष संत निषाद की बड़ी भूमिका रही। जिनके प्रयास से समाज के लिए जमीन व भवन की सौगात मिली। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवाज खान, रानी विभा सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, निषाद समाज के महासचिव मनोहर लाल निषाद, उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मुढीपार कांग्रेस अध्यक्ष कमल साहू, खैरागढ़ शहर कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भीखम छाजेड, कांग्रेस के वार्ड पार्षद शत्रुघ्न घृतलहरे, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद सहित गणमान्यजन मौजूद थे।



## सार समाचार

### सेवानिवृत्त पर कंडा का सम्मान

**राजनांदगांव।** संगीत सरिता के वरिष्ठ कलाकार बलविंदर कंडा गत दिनों अपने इंजीनियरिंग शासकीय सर्विस से सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्हें



संगीत सरिता के कलाकारों द्वारा उनके निवास में उनका श्रीफल एवं शाल से सम्मानित किया। संगीत सरिता के कलाकार डॉ. महेश मिश्रा, डॉ. नंदकिशोर मिश्रा, डॉ. नीलू श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, राजकुमार शर्मा, मनोज गुप्ता, अरूण चौधरी, प्रशांत कुशवाहा, राजकुमारी ध्रुवा व अन्य कलाकारों ने उन्हें बधाईयां दी। अंत में बलविंदर कंडा ने कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### महेंद्र अंडर-19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान बने

**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव ने एक



बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्हें अंडर-19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान के रूप में चुना गया है। महेंद्र ने अपने खेल जीवन की शुरूआत अपने स्कूली जीवन से ही कर दी थी। शहर के ही खेल प्रशिक्षकों के सानिध्य में उन्होंने अपने खेल को संवारते आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, जो उपलब्धि हासिल की है वह चंद चितेरों को ही मिल पाती है। वे 10 से 16 जून तक ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में होने वाली सीएवीए चैंपियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। वॉलीबॉल के लिए समर्पित महेंद्र ध्रुव ने अपने वॉलीबॉल खेल की शुरूआत स्कूली जीवन में शुरू कर दी थी। उन्होंने अपने शुरूआती प्रयास के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। स्टेट लेवल से लेकर अनेक बार राष्ट्रीय स्तर पर शालेय टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करते आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुके महेंद्र ने यह सिद्ध कर दिया है कि जिद के आगे जीत है। धर्मपाल-संध्या ध्रुव के सुपुत्र ने अपने संकल्प को जो पंख लगाए उसमें उनके माता-पिता का भरपूर सहयोग रहा है । महेंद्र ध्रुव की माता संध्या ध्रुव वर्तमान में राजनांदगांव पुलिस लाइन में महिला प्रधान आरक्षक के पद पर सेवारत हैं।

### 10 से लालबाग में हैप्पिनेस प्रोग्राम

**राजनांदगांव।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की राजनंदगांव शाखा द्वारा आगामी 10 से 15 जून तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 6 से 9 व शाम 4 से 7 बजे तक पुष्पांजलि पैलेस रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग राजनांदगांव में रख गया है। शिविर में योग ध्यान प्राणायाम के साथ तनाव मुक्त करने वाली विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। शिविर में प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में रायपुर से आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका डॉ. सरिता वाजपेयी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ. सरिता वाजपेयी विगत बीस वर्षों से आर्ट ऑफ लिविंग का कोर्स ले रही है। उक्त जानकारी अंब्रिक मोटलानी ने दी।

### जिपं सीईओ ने किया निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी तथा डोंगरगांव विकासखंड के



ग्राम किरगी ब में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण किया तथा आवासों के समीप पौधरोपण किया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण, मजदूरी भुगतान, सेंटरिंग प्लेट्स एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही आवास निर्माण में कार्य में प्रगति लाते समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### तिलईरवार स्कूल में पौधारोपण

**राजनांदगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में पौधरोपण किया



गया। इस अवसर पर प्राचार्य एके यदु, व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू, व्याख्याता एनडी लिल्हारे, व्याख्याता जेव्ही ताम्बोली, व्याख्याता पीआर वर्मा, दानेश्वर साहू, संकुल समन्वयक दानीराम वर्मा एवं ग्राम पंचायत तिलईरवार के सदस्यगण एवं जनपद सदस्य कांतिबाई कंवर, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका रोहिणी सहारे, टी. चंद्रवंशी, सुखचैन कंवर, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक किशन नागवंशी, संतराम सोनकर, केवल कुमार वर्मा, राजेश देशलहरे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि पेड़-पौधे हमें जीवन देता है, यह वातावरण से कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस को ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करता है।

### युगांतर में हुआ वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज



कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के गणमान्य पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर को हरियाली से युक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि हमें वृक्षारोपण के साथ-साथ उनकी की सुरक्षा करने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने विद्यार्थियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का भी आह्वान किया। इसी तारतम्य में विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय तथा विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस दिवस को यादगार बनाने विद्यार्थियों ने इस विषय पर पीपीटी का निर्माण तथा अपने घरों में वृक्षारोपण करने का महत्त्वपूर्ण किया। यही नहीं विद्यार्थियों ने पर्यावरण ने जुड़े विभिन्न टॉपिक पर पोस्टर निर्माण कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने सेव वाटर तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर भी अपने वीडियो के माध्यम से विचार व्यक्त किए।

## खुशी, त्याग और समर्पण का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

# ईद-उल-अजहा पर विशेष नमाज मुल्क की तरक्की के लिए मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद-उल-अजहा, खुशी, त्याग और समर्पण का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा शहर में अमन, शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर सुबह से ही शहर के अलग-अलग मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने मस्जिदों में पहुंचे। जमात के लोगों के सहुलियत के लिए शहर के शाहे मदीना मस्जिद शांतिनगर, नूरी मस्जिद कन्हारपुरी, नूरी मस्जिद गौरीनगर, मोती मस्जिद तुलसीपुर, हन्फी मस्जिद गोलबाजार, जामा मस्जिद पठानपारा और अल अजीज मस्जिद इंदामरा मस्जिद में अलग-अलग वक्त पर नमाज पढ़ने का इंतजाम मस्जिद कमेटी द्वारा किया गया था। शहर के सभी मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज पेशईमाम द्वारा पढ़ाई गई।

ईद-उल-अजहा के मौके पर शहर के मस्जिदों में विशेष रोशनी की गई थी और सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ने के बाद मुल्क की तरक्की, अमन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। अल्लाह की राह पर अपनी प्यारी चीज कुर्बान करने के लिए ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। वहीं ईद-उल-अजहा के मौके पर हज मुकम्मल होती है।



#### घरों में हुई फातिहा

ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा अपने घरों में फातिहा देने के साथ ही कई घरों में कुर्बानी की गई। ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी का विशेष महत्व है। मान्यताओं के अनुसार हजरत इब्राहिम को ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वह अपनी प्यारी चीज कुर्बान करें, इसके बाद उन्होंने अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की तैयारी की और जैसे ही अपने बेटे को कुर्बान कर रहे थे, तभी छुरी के नीचे एक दुम्बा आ गया और अल्लाह ने उनके बेटे की जिंदगी बख्श दी, यह उनकी परीक्षा थी।

#### गले मिलकर दी मुबारकबाद

ईद-उल-अजहा के मौके पर हुई विशेष नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं शहर के कब्रिस्तान में पहुंचकर अपने मरहूमों के मगफिरत की दुआ मांगी और कब्रों पर फूल डाले।



#### बड़ी संख्या में हुए शामिल

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि यह पर्व हजरत इब्राहिम की सुन्नत में विश्वभर में मनाया जाता है। आज विशेष नमाज पढ़ी गई। जिसमें हजारों मुस्लिम भाई शामिल हुए।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री, दो पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गांजा बिक्री के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 जून को मुखबीर सूचना पर पुलिस ने वार्ड नं 9 छुईखदान में रेड कार्रवाई कर आरोपी राजेश चंद्राकर 55 वर्ष कनक नगर को गांजा बिक्री करते 145 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा।

दूसरे मामले में आरोपी राजेश वैष्णव 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 9 कनक नगर को 125 ग्राम गांजा के साथ बिक्री करते पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश चंद्राकर एवं राजेश वैष्णव को 7 जून को गिरफ्तार किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा।

## चार में से तीन सेमीफाइनल मुकाबलों का फैसला पेनल्टी शूटआउट से

**राजनांदगांव।** रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। जिनमें से अधिकांश का फैसला पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ।

सेमीफाइनल मैचों के दौरान अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शबनम अंसारी, पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, समाजसेवी गौरव खंडेलवाल, संतोष सिंह, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, तिलकनारायण देवांगन, हर्षदेव दुबे, नेपाल, योगेश सिन्हा, सुरेश डेकाटे, रवि कुंजाम, संदीप यादव, तेजराम यादव, ललित नायडू एवं आशुतोष लारिया की उपस्थिति रही।

हॉकी लीग के तहत सब जूनियर वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला मैच शिवनगर बुल्स विरुद्ध सोलहखोली स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। शिवनगर बुल्स की टीम ने पूर्ण समय तक मैच बराबरी के पश्चात शूट आउट के माध्यम से सोलहखोली की टीम को 4-3 से पराजित किया। शिवनगर बुल्स की ओर से अमल चौबे ने तीन और उदितमणि साहू ने एक गोल की। सोलहखोली की ओर से पुष्पिता साहू ने तीन गोल मारकर हैट्रिक जमाई। दूसरा सेफा मैच रमन बजार वारियर्स विरुद्ध



#### आज फाइनल

कल 8 जून को फाइनल मुकाबले होंगे। शाम 4 बजे सब जूनियर वर्ग में शिवनगर बुल्स बनाम रमन बाजार वारियर्स और शाम 5 बजे जूनियर वर्ग में शांतिनगर शूरमा बनाम चिखली ड्रैगन्स के मध्य फाइनल मुकाबला होगा।

रामनगर हीरोस के मध्य खेला गया। रमन बजार ने शूट आउट में 2-1 से जीत दर्ज की। रमन बजार वारियर्स की ओर से प्रताप ने दो गोल तथा रामनगर हीरोस की ओर से श्रेया लारिया ने एक गोल किया।

जूनियर वर्ग के पहले सेफा मैच में चिखली ड्रैगन्स की टीम ने गवर्नमेंट प्रेस टाइटंस की टीम को 4-1 से मात दी। चिखली ड्रैगन की ओर से रेहान खान ने 2 गोल एवं अजय यादव और अमन ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में पूर्ण समय तक मैच समाप्ति के पश्चात शूट आउट में शांतिनगर शूरमा की टीम ने शंकरपुर फाइटर्स पर जीत दर्ज की। शांतिनगर शूरमा की ओर से विवेक एवं अभिषेक ने एक-एक गोल तथा शंकरपुर फाइटर्स की ओर से योगेश मेश्राम ने एक गोल किया।

# अंतर्राज्यीय डकैत चढ़े पुलिस के हत्थे

## न्यू चंद्रा कालोनी और अर्बन सोसायटी की घटना में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी, डकैती का प्रयास करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने मप्र एवं यूपी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हेमंत साहू न्यू चंद्रा कालोनी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वे सपरिवार अपने गांव मुंदगांव गया था। 31 मई को 10 बजे गांव से वापस आए तो देखा कि घर के मुख्य द्वार का कुंडी टूटा हुआ था। अज्ञात चोर अलमारी में रखे चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 2000 रुपए को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था।

इसी तरह बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी गुरविन बग्गा अर्बन रेनिसेंस सोसायटी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 मई को सपरिवार खाना खाकर अपने कमरे में सो गए थे। रात्रि लगभग 2.50 बजे कमरे का दरवाजा को बाहर से खोलने की आवाज आ रहा था, तब उन्हें शंका होने पर कि उनके घर कोई अज्ञात चोर घुसा है, जोर-जोर से आवाज लगाने पर कुछ लोगों की दौड़ने की आवाज आया, उसके बाद वे कालोनी के गार्ड को आवाज देकर बुलाए और अपने रूम से बाहर निकलकर अपने घर का सामान को चेक करने लगा। उसी समय गार्ड उनके घर के पास अया तो देखा कि कालोनी के बाउंड्रीवाल से कुछ व्यक्ति कूदकर भाग रहे थे, कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।



#### घेराबंदी कर हिरासत में लिया

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि पुलिस टीम ने इस मामले में तकनीकी सहायता की मदद से हरदा, रायसेन, कटनी मप्र, प्रयागराज उप्र में पहुंचकर संदेही आरोपियों की घेराबंदी कर हिरासत में लिया, जिन्हें राजनांदगांव लाकर पूछताछ करने पर राजनांदगांव में दोनों जगह अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी धोल सिंह 45 वर्ष सिमरा ढोलपुर प्रयागराज उप्र, अनील 35 वर्ष बिलाईकला कटनी, सांवत मोगीया 19 वर्ष ग्राम गुलगांव रायसेन मप्र, अमीत मोगीया 38 वर्ष ग्राम गुलगांव रायसेन मप्र, सुदामा मोगीया 35 वर्ष गुलगांव रायसेन मप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत छुरिया तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लाख 20 हजार रुपए, आग से 6 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 15 हजार रुपए, आग से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## कार को ट्रक ने ठोका, घटना स्थल पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



आज सुबह नगर के बुधवारी पारा वार्ड नं, 14 के निवासी नितिन रामटेके उम्र 44 वर्ष की सड़क हादसे में घटना स्थल में ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार नितिन रामटेके अपने काम के सिलसिले में डोंगरगढ़ से खैरागढ़ की ओर जा रहे थे, ग्राम ढारा के पास उनके कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में घटना स्थल पर ही कार चालक नितिन रामटेके की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ने भय से ट्रक को छोड़ कर भाग निकला पर पुलिस के आने पर अपने को पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे की खबर लगते ही नगर में गमगीन माहौल रहा। मृतक सरल मिलन सार स्वभाव का युवक था एवं पेशे से एक अनुभवी फोरव्हीलर ट्रेनर था जिसने कई लोगों को फोरव्हीलर की ड्राइविंग भी सिखाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर घर वालो सौंप दिया है। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### उच्चदाब उपकेन्द्र का ऊर्जीकरण

**राजनांदगांव।** छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा अंबागढ़ चौकी, बांधाबाजार, आमाटोला एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में 2 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से एकटकन्हार-कौडीकसा-अंबागढ़ चौकी 29 किमी नई 33 केव्ही लाइन का निर्माणकर विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ीकृत किया गया है। इससे ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति की जाएगी।




## 15 किसानों को किसान किताब का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए परेशान न पड़े और उनके कार्य तत्काल सुगमतापूर्वक शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से करें।

राजस्व शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से नामांतरण के 47, बंटवारा के 26, सीमांकन के 21, बटांकन के 45, त्रुटि सुधार के 48, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के 54, अतिक्रमण के 14, पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही 75 आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर निराकृत किया गया।

शिविर में 15 किसानों को निःशुल्क किसान किताब वितरित किया गया। शिविर में राजस्व अमला एक ही स्थान पर उपलब्ध होने पर जनसामान्य के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण हुआ एवं मामले को समझाना भी आसान हो गया।

शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजिता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू, रामकुमार गुप्ता, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित जनपद सदस्य, पार्षद, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित थे।






**कार्रवाई : 60 नग मवेशी जब्त कर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों को भेजा जेल**

# पशु तस्करी के छः आरोपियों को तरेगांव पुलिस ने धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तरेगांव जंगल पुलिस ने मवेशी तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 60 नग मवेशियों को जब्त किया है, वहीं पशु तस्करी के छः आरोपियो का गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में पशु तस्करी व मवेशियों के प्रति क्रूरता जैसे अपराधों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही की गई।

पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार 06 जून की रात्रि थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मछरीरेवार जंगल के पास ग्रामवासी दिलीप नायक द्वारा सूचना दी गई कि तीन पुरुष एवं तीन महिला द्वारा लगभग 60 नग गाय-बछड़ा (मवेशी) को बिना चारा-पानी के डंडे से हांकते हुए मध्यप्रदेश की ओर क्रूरता पूर्वक ले जा रहे हैं। जिस पर थाना तरेगांव जंगल पुलिस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची और छः आरोपियों को घेराबंदी कर थाना तरेगांव जंगल ने अपराध क्रमांक 11/2025, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को 07 जून को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



**तरेगांव जंगल पुलिस की प्रभावी कार्यवाही**

तरेगांव जंगल पुलिस ने पशु तस्करी के छः अरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी भगतसिंह मरावी पिता रनमत सिंह मरावी आयु 34 वर्ष, रामलाल यादव पिता सुखनालाल यादव आयु 30 वर्ष, बुद्धूलाल यादव पिता फितूलाल आयु 34 वर्ष, चमेली बाई पति बुद्धूलाल यादव आयु 27 वर्ष, सुनीता बाई पति रामलाल यादव आयु 26 वर्ष व सोनारिन बाई पति भगतसिंह मरावी आयु 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम उसरीभूंडी, थाना समनापुर, जिला डिण्डौरी मध्यप्रदेश आरोपियों के कब्जे से कुल 60 नग मवेशी जिसमें 09 बछिया, 28 गाय व 23 बछड़े, अनुमानित मूल्य 2,70,800 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया और ग्राम तरेगांव जंगल स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया। मवेशी ले जाने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस भी दिया गया, परंतु आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

# पक्की नाली निर्माण व साफ-सफाई के अभाव में वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत डबराभाट वार्ड क्रमांक 07 व 08 में पक्की नाली निर्माण के अभाव में वार्डवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 07 व 08 में पक्की नाली निर्माण के अभाव में घरों का गंदा पानी सड़क के बीचों-बीच गली-मोहल्ले में बहने व जलभराव से गंदी नालियों से उठने वाली दुर्गंध से वार्डवासियों हलाकान व परेशान है। जिस पर ग्रामीणों ने वार्ड व क्षेत्र के जिम्मेदार व जनप्रतिनिधियों से पक्की नाली निर्माण व नालियों की साफ-सफाई की अपील की गई ताकि नालियों व जलभराव से बदबूदार सड़ांध से वार्डवासियों को राहत व सुविधा मिल सकें।

## शिव विहार कॉलोनी में किया गया वृक्षारोपण



**हरिभूमि कवर्धा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कवर्धा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं सभी पार्षद गण द्वारा समनापुर रोड के पास गोदना रिसॉर्ट के पीछे शिव विहार कॉलोनी में पानी टंकी के पास वृक्षारोपण कर खाली पड़े बंजर भूमि को सुंदर और स्वच्छ कवर्धा बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान शिव विहार कॉलोनी के सभी महिला-पुरुष उपस्थित होकर इस कॉलोनी को नगर पालिका परिषद में शामिल करने का मांग किया गया, साथ ही सीसी रोड, पानी, बिजली, नाली और रोड के सामने चखना दुकान व शाम के समय असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा शराब खोरी किया जाता हैं उसे बंद करने के लिए अध्यक्ष को मौखिक तौर मांग किया गया। साथ ही शिक्षक सीडी भट्ट एवं श्रीमती नीता केशरवानी द्वारा भव्य शिव मंदिर के स्थापना हेतु भूमि आरक्षित करने की मांग रखा गया। जिस पर अध्यक्ष ने आवेदन पत्र देने की बात कही। इस कार्यक्रम में शिक्षक सीडी भट्ट, श्रीमती नीता केशरवानी, कृष्णा नायक, व्याख्याता भोलाराम घृतलहरे, टेकेश कुमार भट्ट, श्रीमती प्रमिला केशरवानी, श्रीमती गंगोत्री देवी भट्ट, श्रीमती सुनीति धुर्वे, श्रीमती निशा यादव, कमलेश कुमार केशरवानी, कमलेश धुर्वे, सहित कॉलोनी वासी उपस्थित थें।

# नाऊडीह के वर्षो पुराने सूचना केंद्र भवन खंडहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा के ग्राम नाऊडीह में वर्षो पुराने सूचना केंद्र भवन का निर्माण कराया गया था। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण नवनिर्माण सूचना केन्द्र भवन वर्तमान में दीवाल पर मोटी-मोटी दरार आ चुके हैं जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं दिवाल कभी भी भरभरा कर गिर सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सूचना केन्द्र भवन के प्लास्टर और छत व दिवाल अधर में लटका हुआ है वहीं सूचना केंद्र भवन के पास संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने सूचना केंद्र की उचित निपटारा के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की मांग की गई ताकि नौनिहाल बच्चों को राहत मिल सके।

# ग्रापं खैरबना कला में जल-भराव से जनता त्रस्त, प्रतिनिधि मस्त, आवागमन बाधित

- रहवासियों को उठानी पड़ रही है भारी दिक्कते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला मुख्यालय से 6-7 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खैरबना कला मे जहां लगभग दो वर्षो से मिनी डैम जैसे दिखने वाली सड़क से जनता यात्रा कर त्रस्त हो गई है। यह वही मार्ग है जहां से संत राधा स्वामी के अनुयायी प्रत्येक रविवार को अपने सत्संग भवन पहुंचते हैं। कवर्धा शहर की जीवन दायिनी सरोधा बांध से जोड़ने वाली इस सड़क से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण आवागमन करते हैं, वहीं सड़क में जलभराव से आवाजाही बाधित तथा मलेरिया, डेंगू संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो को इस सड़क की दुर्दशा की स्थिति में सुधार कार्य की मांग की गई ताकि आवाजाही में राहत व सुविधा मिल सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इसकी शिकवा शिकायत उपमुख्यमंत्री को सुशासन तिहार की जनसमस्या निवारण शिविर में जिला कलेक्टर तथा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा जा चुका है लेकिन स्थिति आज पर्यन्त तक समस्या का निदान नहीं हुआ है। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा बीते क्वांर नवरात्रि पर्व पर सड़क मरम्मत के लिए दो लाख रुपए देने की बात कही गई थी। लेकिन उस राशि का इंतजार करते ग्रामीण थक सा गए हैं। ग्रामीणों की मानें तो इस समस्या का निदान 100 मीटर सीसी रोड निर्माण करवाने की मांग की गई ताकि बारिश के पूर्व ही उपरोक्त समस्या की निदान की अपेक्षा शासन-प्रशासन से की है।

# बैगा समुदाय द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस ग्राम झुमर में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिस पर रमलीबाई करकुटिया ने बताया कि जंगल, पेड़-पौधे के साथ जीते है पर पर्यावरण दिवस के बारे में नहीं जानते थे, लेकिन आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ताओ द्वारा पता चला कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है और दुनिया में सभी लोग आज के ही दिन पर्यावरण बचाने कि बात करते है। हमें जानकारी होने पर हम लोगो कि इच्छा हुई कि गांव में पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों प्राकृतिक संसाधन जंगल, जमीन, हवा, पानी से हम लोग हमेशा से ही अपने से जुड़ा हुआ महसूस करते है। इन्ही से हमारी पहचान है हमारी हर जरुरत को यही पर्यावरण पुरा करते है, इसलिए पर्यावरण कि सुरक्षा करना बहुत जरूरी है। आज धीरे-धीरे कई चीज खत्म हो रही है जो चिंता कि बात है। हमे पेड़-पौधों कि सुरक्षा करना है और नया पेड़-पौधे लगाना है जिससे जंगल का सही से प्रबंध करना है। वहीं गरभी बाई बैगा ने कहा कि हमें पर्यावरण शब्द बोलने नहीं आता है पर जिस प्रकार से अनिमा बहन द्वारा बताएं जाने पर समझी हूँ, उससे यही मतलब निकलता है कि पर्यावरण के कारण ही हमारे आसपास कि स्तिथि ठीक रहती है और हम जिंदा रहते है यदि किसी भी तरह का बदलाव आता है तो हमारे जीवन में प्रभाव पड़ता है इसलिए बहुत जरूरी है पेड़ पौधा बचाना व लगाना तभी पानी, हवा शुद्ध और अधिक मात्रा में रहेगा तभी हमारे जीवन का जरूरत पूरा हो सकता है। वहीं युवा जोन्हु राम बैगा ने कहां कि हमारे पूर्वजो ने सम्हालकर रखा था, पर्यावरण को अपने आने वाले पीढ़ी बचाते रहे इसके लिए भी व्यवस्था किए, यही कारण है कि हर बैगा सरनेम में एक प्राकृतिक चीजों का नाम पेड़-पौधे, जीव-जन्तु का नाम पहचान टोटम के रूप मे जोड़ा है ताकि हम पर्यावरण को बचाकर अपनी पहचान व जीवन का आधार बचाते रहे। आदिवासी समता मंच के अनिमा बनर्जी ने कहां कि वन अधिकार कानून में सरकार ने अच्छी व्यवस्था कि है गांव वाले अपने वनो का प्रबंधन कर टीकाऊ उपयोग कर सकते है जंगल को जितना समृद्ध करेंगे उतना ही हमारा जीवन भी समृद्ध रहेगा। इस कार्यक्रम के दौरान 11 फलदार जिसमें मुनगा, आम, सीताफल, डुमर का पौधरोपण किया गया, इस दौरान ग्राम झुमर व आसपास के गांवो के लगभग सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थें।

# मानिकचौरी में 13 लाख के भवन निर्माण कार्यों का किया गया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम मानिकचौरी के ग्रामीणों को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से विकास एवं निर्माण कार्यो की दो बड़ी सौगात मिली। जिनका विधिवत भूमिपूजन तथा लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरवाराम साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में खेमराज साहू, सुनिल साहू, दिनेश चन्द्रवंशी, लोकेश साहू, रामनाथ मोहले, डॉ नारायण साहू, पंचूराम साहू, छविलाल साहू, उदय सिंह साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ग्राम मानिकचौरी में 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया वहीं 3 लाख रूपए की राशि से महिला स्व-सहायता समूह के भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में उपस्थिति जनो को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि श्री साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के सहयोग से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र का समुचित विकास किया जा रहा है। लगातार ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर उन्हें मूर्त रूप दिया जा रहा है।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर अशोभनीय कृत के लिए दोषियों पर हो सख्त कार्यवाही: सूरज यादव



**हरिभूमि कुण्डा।** गुरुवार को खैरागढ़ जिले के ग्राम अवेली में असामाजिक तत्वों द्वारा भारत रत्न छत्तीसगढ़ राज्य के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिमा पर जूतों की माला पहनाई गई थी, जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय घटना है दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए उक्त बात भारतीय जनता पार्टी मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ता सूरज यादव ने कही। श्री यादव ने कहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के रचयिता है और छत्तीसगढ़ में कतई उनका अपमान को सहा नहीं जाएगा। चाहे दोषी कोई भी हो घटना पर तीखी प्रतिक्रिया वक्त करते हुए भाजपा नेता सूरज यादव ने कहा यह कोई सामान्य शरारत नहीं बल्कि अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा और विचारधारा पर सीधा प्रहार है, हम इस निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना करते है श्रद्धेय अटल बिहारी किसी एक पार्टी की नहीं पूरे देश के प्रधानमंत्री थे। वे भारत रत्न थे और उनके साथ ऐसा व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वो तत्काल दोषियों को पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दे, श्री यादव ने कहा उक्त निंदनीय घटना को संज्ञान में लेकर दोषियों पर सख्त कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे।

**भारतीय शिक्षा मनोविज्ञान आधारित शिक्षा: डॉ देवनारायण साहू**

# सात दिवसीय नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा



सहसपुर लोहारा में स्थानीय सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर के योजनानुसार राजनांदगाव एवं दुर्ग विभाग स्तरीय सात दिवसीय नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय स/लोहारा में आयोजित है। प्रथम दिवस मुख्य वक्ता डॉ देवनारायण साहू, प्रान्तीय संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर ने कहा कि भारतीय शिक्षा एक मनोविज्ञान शिक्षा हैं, भारत कि ऐसी शिक्षा व्यवस्था जिसमे गुरु शिष्य कि परम्परा, आश्रम में रहकर शिक्षा, कला और संस्कृति आधारित शिक्षा, वर्तमान चुनौतियो का, संघर्ष कि शिक्षा, प्राचीन नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय कि शिक्षा, व्यक्ति के अंदर छिपा ज्ञान को जागृत करता है हमारी भारतीय शिक्षा पद्धति अपनी संस्कृति और प्रकृति आधारित शिक्षा है हम पढ़ेगे और दूसरो को भी आगे बढ़ाएंगे यह हमारी भारतीय शिक्षा पद्धति है। प्राचीन शिक्षा लार्डमैकाले की शिक्षा से ग्रामीण परिवेश में बच्चों को अंग्रेजी का बोझ की शिक्षा दे रहे हैं। भारतीय शिक्षा पद्धति में विश्व कि कल्याण की शिक्षा हैं केवल भारत ही नहीं, विश्व के कल्याण के बारे में सोचने वाला हमारी भारतीय शिक्षा पद्धति हैं भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चो के सर्वांगीण विकास कि शिक्षा समाहित है मनोविज्ञान का शिक्षा अर्थात मन का विज्ञान ही मनोविज्ञान है। मन कि बंधन से मुक्त करना और मन के अंदर से ज्ञान प्राप्त करना मनोविज्ञान कि शिक्षा है मन कि शिक्षा में अतःकरण और बाह्यकरण की शिक्षा समाहित है अंतः करण की शिक्षा जिसमे पांच ज्ञानेन्द्री आंख, कान, नाक, जीम, और त्वचा ये अनुभव आधारित शिक्षा है ठीक उसी प्रकार कर्मनेन्द्री, हाथ, पैर, मुंह-भुजा और सिर हैं इन दोनो से ज्ञान प्राप्त करके, तर्क और अनुभव करते हैं मन, बुद्धि, अहंकार और त्रिष्णा को नियंत्रण करना चाहिए ध्यान, योग, प्राणायाम और अभ्यास करके शिक्षा प्राप्त करना भारतीय मनोविज्ञान कि शिक्षा समाहित है बच्चों के मन को एकाग्र करने के लिए शिक्षक गीत कहानी के माध्यम से बच्चों के मन में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करते हैं बच्चों को शिक्षा, ज्ञान, सेवा देना का माध्यम हैं यह हमारी भारतीय मनोविज्ञान की शिक्षा में गुरु और शिष्य कि परम्परा आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए समाज कल्याण एवं देशहित के कार्य के लिए शिक्षा प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय जायसवाल, प्रमोदचंद चोपड़ा, द्वारिका राम साहू, संजय पाण्डेय, दीपक यादव, बलराम ठाकुर, श्रवण दीक्षित, डाकेश्वर डडसेना, लखन लाल साहू, सीता राम धुर्वे, समस्त सदस्य गण एवं समस्त आचार्य परिवार नगरवासी गण उपस्थित थें।

# छीतापार में घटिया सीसी सड़क निर्माण कर शासकीय राशि का किया जा रहा है बंदरबाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत छीतापार के आश्रित ग्राम केसली खुर्द में सचिव, सरपंच के मिली-भगत से घटिया सीसी सड़क निर्माण कर, शासकीय राशि का खुलेआम बंदरबाट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत छीतापार के आश्रित ग्राम केसली खुर्द में लाखों रुपए की लागत से सीसी रोड सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस निर्माण स्थल पर ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच द्वारा सीसी सड़क निर्माण स्थल पर लागत राशि का बोर्ड तक नहीं लगाए है, ताकि निर्माण कार्य किस योजना से कितनी लागत राशि से कराई जा रही है और कार्य कब प्रारंभ कराया गया है तथा कार्य पूर्णता कब है। जिसे छुपाते हुए विभागीय अधिकारियों के मिली-भगत से निर्माण प्रारंभ किया गया है, निर्माण कार्य निहायत ही घटिया स्तर का कराया जा रहा है, निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है, निर्माण कार्य का मूल्यांकन अधिकारी घर बैठे करके, शासकीय राशि का गोल-मॉल कर रहे है। विडंबना तो यह है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विभागीय भी पंचायत में चल रहे घटिया निर्माण की सुध तक नहीं ले रहे है। जब विभाग के अधिकारियों का ही मौन सहमति घटिया सीसी सड़क निर्माण कराकर राशि का बंदरबाट करने का है तो, फिर कैसे संभव है कि कार्य की गुणवता ठीक होगी। इस कहावत को पंडरिया जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत छीतापार में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या कार्य धड़ल्ले से घटिया चल रहे निर्माण कार्य पर जरूरत है, जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

कार्रवाई : 70 लाख से अधिक की साइबर ठगी के मामले में ग्राम सिंघनपुरी का खाताधारी आरोपी गिरफ्तार

# कृषि केन्द्र की आड़ में 2.5 करोड़ रुपए से अधिक का संदिग्ध ट्रांजैक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

साइबर ठगों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस प्रशासन एवं साइबर टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए कृषि केन्द्र की आड़ में देशभर में 2.5 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह का भांडा फोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो आरोपी के खिलाफ देश के 16 राज्यों में दर्ज 56 साइबर ठगी के केस दर्ज है और अब तक 70 लाख से अधिक की ठगी की पुष्टि हो चुकी है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस बड़ी सफलता प्राप्त करने के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर इस पूरे मामले का सिलसिलेवार खुलासा किया है। श्री सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि थाना भोरमदेव अंतर्गत ग्राम राजानवागांव में मेसर्स भोरमदेव कृषि केन्द्र नामक प्रतिष्ठान के नाम पर संचालित आईसीआईसीआई बैंक खाता, जिसका संचालन नामदेव साहू पिता भीमलाल साहू, निवासी सिंघनपुरी (हाथिडोब), द्वारा किया जा रहा था, उसकी तकनीकी जांच में सामने आया कि वर्ष 2023-24 के दौरान इस खाते से करीब 2.5 करोड़ रुपए के संदेहास्पद लेन-देन किए गए। ये लेन-देन सामान्य व्यापारिक गतिविधियों से मेल नहीं खाते थे, जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही खाता संदिग्ध श्रेणी में आया। देश के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त जानकारी और तकनीकी समन्वय के आधार पर यह पाया गया कि इस खाते के माध्यम से 56 मामलों में कुल 70,27,299 रूपए की राशि सीधी साइबर ठगी की घटनाओं से जुड़ी हुई है। शेष बड़ी राशि के संदर्भ में भी प्राथमिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि वह राशि भी साइबर अपराध के माध्यम से अर्जित हो सकती है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि बड़ी संख्या में ठगी के शिकार व्यक्ति जानकारी के अभाव, शर्म या असहायता के चलते औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराते। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि इस संपूर्ण विश्लेषण के पश्चात थाना भोरमदेव में धारा 317(4), 318(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना प्रारंभ की गई है। डीएसपी (साइबर सेल) कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं डीएसपी (मुख्यालय) आशीष शुक्ला के नेतृत्व में गठित विशेष तकनीकी टीम द्वारा खाते से संबंधित मोबाइल नंबर, ईमेल, ट्रांजैक्शन की आवृत्ति, धन का प्रवाह, एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया। जिस पर यह निष्कर्ष सामने आया कि आरोपी ने अपने खाते को जानबूझकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया, जिससे अवैध रूप से धन अर्जित किया गया। यह म्यूल अकाउंट की परिभाषा में आता है जो कि आधुनिक डिजिटल ठगी का मुख्य आधार बनते जा रहे हैं। इस कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी मनीष मिश्रा, एएसआई चंद्रकांत तिवारी, संजीव तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला, रोशन विश्वकर्मा आकाश राजपूत, मनीष सिंह, नरेंद्र चंद्रवंशी एवं थाना भोरमदेव से थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द साहू, एएसआई दिनेश झारिया, प्रधान आरक्षक खुमान सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

### आरोपी के खाते में अभी भी 70 लाख



प्रेसवार्ता में एसपी ने खुलासा किया की आरोपी नामदेव साहू के नाम पर आईसीआईसीआई बैंक में एक करेंट अकाउंट है, जिसमें अभी भी 70 लाख से अधिक की रकम जमा है। हालांकि पुलिस ने उस अकाउंट को होल्ड कर दिया है, जिससे आरोपी उस पैसे को निकाल नहीं सकता। एसपी ने यह भी जानकारी दी कि इस ठगी के पीछे असली मास्टरमाइंड सत्या दुबे है, जो फिलहाल फरार है सत्या दुबे लोहारा थाना क्षेत्र के कुरुआ गांव का निवासी है पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। एक आरोपी नामदेव साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। नामदेव, हाथीडोम गांव का निवासी है और यह गिरोह के लिए अपने बैंक खातों को किराए पर देता था। इसके बदले में उसे ठगों से 10 फीसदी का कमीशन मिलता था।

### 16 राज्यों में आरोपी के खाते के विरुद्ध साइबर ठगी के 56 प्रकरण दर्ज

प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना भोरमदेव अंतर्गत ग्राम राजनावागांव में मेसर्स भोरमदेव कृषि केन्द्र नामक प्रतिष्ठान के नाम पर संचालित आईसीआईसीआई बैंक खाता के खाताधारी नामदेव साहू पिता भीमलाल साहू, निवासी सिंघनपुरी (हाथिडोब) के खाते के विरूद्ध देश के 16 राज्यों में साइबर ठगी के कुल 56 मामले दर्ज है। जिसमें आंध्र प्रदेश में 2 मामलों में 2,38,000 रूपए की ठगी, बिहार में 1 मामले में 30,000 रूपए की ठगी, चंडीगढ़ में 1 मामले में 50,000 रूपए की ठगी, दिल्ली में 2 मामलों में 3,40,600 रूपए की ठगी, गोवा में 1 मामले में 4,00,000 रूपए की ठगी, गुजरात में 4 मामलों में 3,50,000 रूपए की ठगी, हरियाणा में 4 मामलों में 2,60,000 रूपए की ठगी, कर्नाटक में 10 मामलों में 8,67,953 रूपए की ठगी, केरल में 1 मामले में 28,000 रूपए की ठगी, मध्य प्रदेश में 1 मामले में 1,50,000 रूपए की ठगी, महाराष्ट्र में 6 मामलों में 6,47,839 रूपए की ठगी, पंजाब में 3 मामलों में 1,34,888 रूपए की ठगी, तमिलनाडु में 3 मामलों में 9,52,600 रूपए की ठगी, तेलंगाना में 11 मामलों में 19,22,421 रूपए की ठगी, उत्तर प्रदेश में 1 मामले में 10,000 रूपए की ठगी तथा पश्चिम बंगाल में 5 मामलों में 6,44,998 रूपए की ठगी के मामले शामिल हैं।

## ईद-उल-जुहा पर मांगी गई अमनो सुकून की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समूचे अंचल में ईद-उल-जुहा बकरीद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला मुखयालय कवर्धा स्थित ईदगाह में अलग-अलग दो वक्तों में ईद की नमाज पहली सुबह 7.30 बजे हाफिज मुफ्ती मारूफ रजा (पेश ईमाम-जामा मस्जिद) दूसरी नमाज सुबह 8.30 बजे हाफिज मकबूल रज़ा की ईमामत में अदा की गई। हाफिज मुफ्ती मारुफ रजा ने अपने मुल्के वतन हिन्दुस्तान, सूबए छत्तीसगढ़ सहित शहरे कवर्धा में अमनो सुकून व आपसी भाईचारा की दुआ मांगी। ईद-उल-जुहा बकरीद के मौके पर शहर व आसपास के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदाकर आपस में एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इस संबंध में मुस्लिम समाज के हाजी सलीम हिंगोरा ने बताया कि ईद-उल-जुहा ईब्राहीम अलैह एवं हजरत ईस्माईल अलैह की याद में मनाया जाता है। हजरत ईब्राहीम अलैह को खुदा की जानिब से ख्वाब आया कि तुम हमारी राह में कुर्बानी पेश करो तो हजरत ईब्राहीम अलैह ने सौ ऊंटो की कुर्बानी पेश की फिर अगली रात में ख्वाब आता है तुम अपने सबसे अजीज चीज हमारी राह में कुर्बान करो तो हजरत ईब्राहिम फौरन समझ जाते हैं कि मेरा सबसे अजीज ईकलौता फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल अलैह जो उन्हे बहुत मिन्नतों मुराद से बुढ़ापे में पैदा हुआ था उन्होंने फौरन अपने पुत्र फरजंद को ख्वाब की दास्तां बताई तो उनके परजंद हजरद ईस्माईल अलैह ने कहा बाबा जान ये खुदा का हुक्म है आप फौरन अमल किजिए मुझे साबिर सब्र करने वाला पायेंगे। तब हजरत ईब्राहिम अलैह अपने फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल को मीना के कुर्बानगाह लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने हजरत ईस्माईल को लिटाकर उनके हलक में छुरी चलानी चाही परन्तु छुरी नहीं चली। खुदा की जानिब से फरिस्ते को हुक्म दिया गया कि जन्नती दुम्बा बकरे की शक्ल का हाजिर करें और हजरत ईब्राहीम के बदले दुम्बा कुर्बान हो जाता है। खुदा को हजरत ईब्राहिम व हजरत ईस्माईल की ये अदा बेहद पसंद आ जाती है तब से हर साल (साहिबे निसाब) मालदार मुसलमानो पर बकरे की कुर्बानी करना वाजिब हो जाता है।



### खबर संक्षेप

#### प्राचार्य डॉ. रमेश राष्ट्र सेवा सम्मान से सम्मानित



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्र सेवा सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत सरकार के नीति आयोग से पंजीकृत संस्थान, फेयर विजन फाउंडेशन पुणे, महाराष्ट्र द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान प्राचार्य के रूप में उनके कुशल नेतृत्व और लगन के लिए मिला है, जिसने शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शैक्षणिक मानकों को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता ने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. चन्द्रवंशी को इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जो शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। यह नया सम्मान उनके उत्कृष्ट करियर में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

#### जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 तक

**कवर्धा।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 12 जून तक चलेगा। इसका मकसद किसानों की आय बढ़ाना और खेती को लाभकारी बनाना है। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तहत गांव-गांव पहुंचेगा। वैज्ञानिकों की टीमें नई तकनीक की जानकारी दे रही हैं।

#### बेंदरची गांव में 9 जून को लगेगा शिविर

**कवर्धा।** श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल और असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल की योजनाओं के तहत होंगे। जिला श्रम अधिकारी देवांगन ने बताया कि शिविर 9 जून को बेंदरची, 10 को सिंघनपुरी, 12 को बरहठी में लगेगा।

#### प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**मोहला।** शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

## युक्तियुक्तकरण नीति को लेकर अपनी ढपली अपना राग

### प्रशासन का दावा जिले में युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में दिखने लगा सुधार

- 10 स्कूलों में हुई रसायन विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य शासन द्वारा तथा कथित रूप से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, संतुलित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति समूचे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में न सिर्फ विवादित बल्कि तमाशा बनकर रह गई है। आलम ये है कि प्रदेश सरकार ने जिन शिक्षकों पर प्रदेश की स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप रखी है वे ही इस नीति में तमाम मीनमेख और खामियां निकालते हुए न सिर्फ सवाल खड़े कर रहे हैं बल्कि इसमें सुधार सहित सेटअप 2008 के तहत युक्तियुक्तकरण की मांग को लेकर चार दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद अब 10 जून को शासन-प्रशासन स्तर पर ज्ञापन सौपने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी और शासन की युक्तियुक्तकरण नीति को लेकर अब प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है और आने वाले दिनो में इसे लेकर चरणबद्ध आंदोलन किए जाने को ऐलान किया है। लेकिन इन सब के बीच अपनी ढपली अपना राग की तर्ज पर शासन प्रशासन यह साबित करने में पूरा जोर लगा रहा है कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, संतुलित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का सकारात्मक प्रभाव अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। इसके लिए अभी हाल ही में पूरे प्रदेश के जिला कलेक्टरों के साथ कबीरधाम में भी जिला प्रशासन के मुखिया ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर युक्तियुक्तकरण नीति को लेकर शासन का पक्ष रखा था। इसी कड़ी में अब जिला प्रशासन ने दावा किया है कि यह नीति विशेष रूप से उन विद्यालयों में कारगर सिद्ध हो रही है जहां शिक्षकों की कमी या विषय-विशेषज्ञों का अभाव लंबे समय से छात्रों की पढ़ाई में बाधा बन रहा था। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत कबीरधाम जिले के 10 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में रसायन विज्ञान विषय के शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। इससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनकी विषय के प्रति समझ और रुचि दोनों में वृद्धि होगी। इसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरका, कापादाह, कोड़ापुरी, पोलमी, कुंडा, नेउर, राजानवागांव, जुनवानी जंगल, समनापुर और सिंघनगढ़ विद्यालयों में अब विशेषज्ञ शिक्षक छात्रों को प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक दोनों स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। शिक्षकों की नई पदस्थापनाओं से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां एकल शिक्षक या विषयविहीन विद्यालयों में बच्चों को सीमित शिक्षण सुविधा मिलती थी, वहीं अब विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता से उनका शैक्षणिक स्तर और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेगा। राज्य शासन की मंशा है कि हर विद्यार्थी को उसकी रुचि और आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, चाहे वह शहरी क्षेत्र में हो या सुदूर ग्रामीण अंचल में। युक्तियुक्तकरण इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है, जो शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाईयों की ओर ले जा रही है।




### विरोधियों के आरोपों में कितना दम?

युक्तियुक्तकरण नीति को लेकर सवाल यह भी खड़े हो रहे है कि जब शिक्षक सांझा मंच और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा शिक्षकों के हजारों पद समाप्त किए जाने, हजारों स्कूलों को बंद किए जाने, इन स्कूलों के बंद होने से हजारों सफाई कर्मी, रसोईया आदि का रोजी रोजगार छिनने, युक्तियुक्तकरण की आड़ में लेनदेन किए जाने जैसे तमाम गंभीर आरोपों की सच्चाई क्या है? सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर वास्तव में इन आरोपों में सच्चाई है तो फिर शिक्षक सांझा मंच ने काउंसलिंग में हिस्सा क्यों लिया? अपनी अनिश्चितकलीनी हड़ताल को महज चार दिनो में ही क्यों समाप्त कर दिया? कहीं ऐसा तो नहीं कि यह शिक्षक सांझा मंच द्वारा किसी विशेष उद्धदेश्य से बनाया गया सिर्फ माहौल था और उद्देश्य की प्राप्ती के बाद अब इससे धीरे-धीरे किनारा कर लिया जाएगा। बहरहाल प्रदेश सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति में क्या खामियां है और क्या फायदे हैं यह आने वाले नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## शिखर युवा मंच ने नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों में जलाई अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत शिखर युवा मंच द्वारा दिनांक 03 जून से 07 जून तक पांच दिवसीय एक विशेष जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का संचालन संस्था प्रमुख आदरणीय भूपेश वैष्णव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अभियान के अंतर्गत चयनित 20 ग्राम सिंघारी, गांगचुवा, छुईहा, कुरलूपानी, जोकपानी, लब्दा, बोदा,कोमो, मुड़घुसरी (जं.), बांटीपथरा, राली, छुही, जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लीलादादर, धुमाछापर, लरबक्की एवं दुर्जनपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिए गए। इन प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों को न केवल जागरूक किया, बल्कि उनमें इन मुद्दों को लेकर सोचने और सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा भी जगाई। लगभग 2000 से अधिक ग्रामीणों ने इन प्रस्तुतियों से प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी नाटकों की प्रस्तुति स्थानीय बोली, सांस्कृतिक प्रतीकों और जीवन के उदाहरणों के माध्यम से की गई, जिससे संदेश अत्यंत प्रभावशाली और आत्मीय बन पड़ा। ग्रामीणजन विशेषकर महिलाएं, युवा और बच्चे, पूरे उत्साह के साथ आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि समुदाय के भीतर चेतना और आत्मनिर्भरता का भाव जगाना है। जब लोग अपने अधिकार, संसाधन और योजनाओं को समझते हैं, तभी सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। इस अभियान में महिला समूहों, युवा साथियों, वन अधिकार समितियों एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबन्धन समिति,ग्रामीणजन एवं शिखर युवा मंच के टीम की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। प्रतिबद्ध है।



### जिले के दो हॉकी खिलाड़ियों का अकादमी रायपुर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा के हॉकी खिलाड़ी जो कि निरंतर हॉकी मैदान में अभ्यास कर रहे थे, उनमे से दो खिलाड़ियों का चयन रायपुर के आवासीय अकादमी में हुआ है। जिससे पहले उनका ट्रायल 25 से 27 मई तक आयोजित किया गया था, जिसमें सभी जिलों से 180 खिलाड़ियों ने अपने खेल और प्रतिभा को उक्त ट्रायल में प्रदर्शित किया। जिनमें से बेस्ट 15 खिलाड़ियों का चयन करना था, उक्त ट्रायल के दौरान चयनकर्ताओं का ध्यान कवर्धा के खिलाड़ियों पर गया और कवर्धा से हॉकी खिलाड़ी रोशन सिंह राजपूत और आदित्य मरावी का चयन किया गया। खिलाड़ियों के चयन पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश, कवर्धा हॉकी संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, पूर्व खेल अधिकारी हाफिज कुरैशी, खेल अधिकारी दिनेश साहू आदि ने बधाई दी है।

## पंडरिया अस्पताल के चिकित्सक से मारपीट करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

जिले के पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक डॉक्टर के साथ मारपीट और अभद्रता करने वाले आदतन अपराधी हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में पीड़ित डॉक्टर ने पंडरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 46/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 121(1), 132, 296, 226, 115(2), 351(3) और चिकित्सा सेवा संस्थान संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 2010 की धारा 4 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी। बताया जाता है कि हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे, निवासी पंडरिया, वर्ष 2014 से गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और शांति भंग जैसे कई प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। वह थाना पंडरिया के निगरानी बदमाशों में शामिल है। घटना के बाद से फरार चल रहे डाहिरे की मौजूदगी की सूचना शनिवार को सुबह मिली, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के पर्यवेक्षण में गठित इस टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




9 जून से 25 जून तक चलेगा अभियान, मोदी सरकार के 11 साल की बताई जाएंगी उपलब्धियां

## संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए कवर्धा में जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई। 9 जून से 25 जून तक चलने वाला यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित कार्यशाला है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए पूर्व सांसद लखन साहू ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के राजनीतिक वृत्त की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य और संगठन की भावना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने इस पर पूरे समर्पण के साथ जुटना है। भाजपा ने जिस प्रमाणिकता के साथ काम किया और जन विश्वास अर्जित किया है। यही अमृतकाल है। श्री साहू ने संकल्प से सिद्धि अभियान के तिथिवार कार्यक्रमों का ब्यौरा रखा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल की 50 वीं बरसी और पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। श्री साहू ने कहा कि विकसित भारत के अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण की दिशा में किए गए कार्यों को घर-घर पहुंचना है और उन उपलब्धियों का सघन प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई विरोधी गलतफहमी फैला ना सके। इन कार्यक्रमों में युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता हो। इन कार्यक्रमों के जरिए हमें समाज को भाजपा के राजनीतिक चिंतन विचार से जोड़ना है।




## बीज बोआई प्रशिक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन परिक्षेत्र पण्डरिया पश्चिम के अंतर्गत कुकदुर परिसर ग्राम दामागढ़ में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत वृक्षारापेण कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही वन परिक्षेत्र पण्डरिया पश्चिम के अधीनस्थ परिसर रक्षक, परिक्षेत्र सहायकों को बीज बोआई का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रशिक्षण में बीज बोआई की चार पद्धति के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपादित किया गया। जिसमें नीम, अर्जुन जामुन आदि मिश्रित प्रजाति के लगभग 35 पौधा रोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन स्थायी समिति के सभापति एवं जनपद सदस्य थानेश्वर जायसवाल, दमगढ़ सरपंच श्रीमती सवनी बाई धुर्वे, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परसराम यादव, सुयशधर दीवान, उप वनमण्डलाधिकारी पण्डरिया, श्रीमती शिखा झा, श्रीमती पल्लवी गंगबेर, परिक्षेत्र अधिकारी, पण्डरिया पश्चिम, महेन्द्र कुमार जोशी, परिक्षेत्र अधिकारी पण्डरिया पूर्व, तकनीकी सहायक एवं क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री, दो पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गांजा बिक्री के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 जून को मुखबीर सूचना पर पुलिस ने वार्ड नं 9 छुईखदान में रेड कार्रवाई कर आरोपी राजेश चंद्राकर 55 वर्ष कनक नगर को गांजा बिक्री करते 145 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा।

दूसरे मामले में आरोपी राजेश वैष्णव 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 9 कनक नगर को 125 ग्राम गांजा के साथ बिक्री करते पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश चंद्राकर एवं राजेश वैष्णव को 7 जून को गिरफ्तार किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा।

### खुशी, त्याग और समर्पण का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

# ईद-उल-अजहा पर विशेष नमाज मुल्क की तरक्की के लिए मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईद-उल-अजहा, खुशी, त्याग और समर्पण का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा शहर में अमन, शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर सुबह से ही शहर के अलग-अलग मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने मस्जिदों में पहुंचे। जमात के लोगों के सहुलियत के लिए शहर के शाहे मदीना मस्जिद शांतिनगर, नूरी मस्जिद कन्हारपुरी, नूरी मस्जिद गौरीनगर, मोती मस्जिद तुलसीपुर, हन्फी मस्जिद गोलबाजार, जामा मस्जिद पठानपारा और अल अजीज मस्जिद इंदामरा मस्जिद में अलग-अलग वक्त पर नमाज पढ़ने का इंतजाम मस्जिद कमेटी द्वारा किया गया था। शहर के सभी मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज पेशईमाम द्वारा पढ़ाई गई।

ईद-उल-अजहा के मौके पर शहर के मस्जिदों में विशेष रोशनी की गई थी और सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ने के बाद मुल्क की तरक्की, अमन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। अल्लाह की राह पर अपनी प्यारी चीज कुर्बान करने के लिए ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। वहीं ईद-उल-अजहा के मौके पर हज मुकम्मल होती है।



### घरों में हुई फातिहा

ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा अपने घरों में फातिहा देने के साथ ही कई घरों में कुर्बानी की गई। ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी का विशेष महत्व है। मान्यताओं के अनुसार हजरत इब्राहिम को ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वह अपनी प्यारी चीज कुर्बान करें, इसके बाद उन्होंने अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की तैयारी की और जैसे ही अपने बेटे को कुर्बान कर रहे थे, तभी छुरी के नीचे एक दुम्बा आ गया और अल्लाह ने उनके बेटे की जिंदगी बख्श दी, यह उनकी परीक्षा थी।

### गले मिलकर दी मुबारकबाद

ईद-उल-अजहा के मौके पर हुई विशेष नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं शहर के कब्रिस्तान में पहुंचकर अपने मरहूमों के मगफिरत की दुआ मांगी और कब्रों पर फूल डाले।




### बड़ी संख्या में हुए शामिल

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि यह पर्व हजरत इब्राहिम की सुन्नत में विश्वभर में मनाया जाता है। आज विशेष नमाज पढ़ी गई। जिसमें हजारों मुस्लिम भाई शामिल हुए।

## निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण



राजनांदगांव। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तोरनकट्टा एवं मनकी तथा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम किरगी ब में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण किया तथा आवासों के समीप पौधरोपण किया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण, मजदूरी भुगतान, सेंटरिंग प्लेट्स एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही आवास निर्माण में कार्य में प्रगति लाते समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।








## कार को ट्रक ने ठोका, घटना स्थल पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



आज सुबह नगर के बुधवारी पारा वार्ड नं, 14 के निवासी नितिन रामटेके उम्र 44 वर्ष की सड़क हादसे में घटना स्थल में ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार नितिन रामटेके अपने काम के सिलसिले में डोंगरगढ़ से खैरागढ़ की ओर जा रहे थे, ग्राम ढारा के पास उनके कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में घटना स्थल पर ही कार चालक नितिन रामटेके की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ने भय से ट्रक को छोड़ कर भाग निकला पर पुलिस के आने पर अपने को पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे की खबर लगते ही नगर में गमगीन माहौल रहा। मृतक सरल मिलन सार स्वभाव का युवक था एवं पेशे से एक अनुभवी फोरव्हीलर ट्रेनर था जिसने कई लोगों को फोरव्हीलर की ड्राइविंग भी सिखाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर घर वालो सौंप दिया है। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## तिलईरवार स्कूल में पौधरोपण



राजनांदगांव। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एके यदु, व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू, व्याख्याता एनडी लिल्हारे, व्याख्याता जेव्ही ताम्बोली, व्याख्याता पीआर वर्मा, दानेश्वर साहू, संकुल समन्वयक दानीराम वर्मा एवं ग्राम पंचायत तिलईरवार के सदस्यगण एवं जनपद सदस्य कांतिबाई कंवर, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका रोहिणी सहारे, टी. चंद्रवंशी, सुखचैन कंवर, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक किशन नागवंशी, संतराम सोनकर, केवल कुमार वर्मा, राजेश देशलहरे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।







